


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 21 सितंबर 2025 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-175 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 22 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### नेहरू नगर स्थित मकान में आग, दमकल कर्मियों ने टाली बड़ी दुर्घटना

**भिलाई,21सितंबर।** भिलाई के नेहरू नगर अग्रसेन चौक के पास रविवार सुबह एक मकान में आग लग गई। सूचना मिलते ही जिला अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। हादसे में घर का सामान जलकर राख हो गया, हालांकि किसी की जान को नुकसान नहीं हुआ। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, आग नेहरू नगर निवासी राज्जन अकील खान के घर में लगी थी। एक फायर टेंडर की मदद से आग बुझाई गई और बड़ा हादसा टल गया। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है और पुलिस जांच कर रही है। दलप्रभारी विजय चतुर्वेदी और फायर कर्मी डीवहार, खेमराज, रूपेन्द्र, मनोज सहित टीम ने समय रहते पहुंचकर स्थिति को संभाल लिया।

### पाक की नापाक हरकत

**श्रीनगर,21 सितंबर।** पाकिस्तानी सेना ने शनिवार शाम उत्तरी कश्मीर के नौगाम सेक्टर (कुपवाड़ा) में बिना उकसावे के सीजफायर उल्लंघन करते हुए गोलाबारी की। यह घटना भारत-सऊदी अरब रक्षा समझौते के ठीक एक दिन बाद हुई। भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया और दुश्मन की एक निगरानी चौकी को भारी नुकसान पहुंचाया। सूत्रों के अनुसार, शाम करीब साढ़े पांच बजे पाकिस्तान की ओर से नौगाम सेक्टर के तूतमार गली इलाके में भारतीय चौकियों पर गोलीबारी की गई। शुरू में भारतीय सेना ने संयम बरता, लेकिन जब गोलाबारी तेज हो गई तो जवाबी कार्रवाई की गई। दोनों ओर से करीब 40 मिनट तक भीषण फायरिंग होती रही। इसके बाद रात साढ़े नौ बजे पाकिस्तानी सैनिकों ने फिर से गोलाबारी की, जिसका भारतीय जवानों ने सख्त जवाब दिया। बताया जा रहा है कि इस दौरान पाकिस्तान की एक चौकी को गंभीर नुकसान पहुंचा। एलओसी के पार इस क्षेत्र को लीपा घाटी कहा जाता है। इससे पहले, शुक्रवार देर शाम से उधमपुर जिले के सियोजधार के जंगल में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस दौरान सेना के लांस दफादार बलदेव चंद (निवासी बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश) वीरगति को प्राप्त हो गए।

### सुपरस्टार मोहनलाल के सिर सजेगा दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड का ताज

**नई दिल्ली ,21 सितंबर ।** भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान, दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड 2023 के विजेता के नाम का ऐलान हो गया है। भारत सरकार ने शनिवार को घोषणा की कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक मोहनलाल को प्रदान किया जाएगा। इस खबर के सामने आते ही देश भर में, खासकर उनके प्रशंसकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। यह ऐतिहासिक पुरस्कार मोहनलाल को 23 सितंबर, 2025 को आयोजित होने वाले 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस बड़ी घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर मोहनलाल को बधाई दी। उन्होंने लिखा, मोहनलाल जी उत्कृष्टता और बहुमुखी प्रतिभा के प्रतीक हैं। दशकों तक फैले उनके शानदार करियर ने उन्हें मलयालम सिनेमा और थिएटर का सबसे चमकता सितारा बना दिया है। वह केरल की संस्कृति के प्रति बेहद जुनूनी हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी बधाई देते हुए कहा, केरल की खूबसूरत धरती से लेकर दुनिया भर के दर्शकों तक, उनके काम ने हमारी संस्कृति का जश्न मनाया है। उनकी विरासत भारत की रचनात्मक भावना को प्रेरित करती रहेगी।

# कल से लागू हो रही हैं जीएसटी की नई दरें

**नई दिल्ली,21 सितंबर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में, जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) दरों में बड़े बदलावों की घोषणा की थी, जो 22 सितंबर से लागू हो रहे हैं। इन बदलावों को 'नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स' या 'जीएसटी




2.0' का नाम दिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य कर प्रणाली को सरल बनाना और आम जनता के लिए रोजमर्रा की वस्तुओं को सस्ता करना है।

इन बदलावों के तहत, जीएसटी के चार प्रमुख स्लैब (5%, 12%, 18% और 28%) को घटाकर दो मुख्य स्लैब (5% और 18%) कर दिया गया है। इसका मतलब है कि 12% और 28% जीएसटी वाले सामानों को अब क्रमशः 5% और 18% के स्लैब में शामिल कर दिया गया है और विलासिता वाली वस्तुओं पर एक नया, 40% का स्लैब लागू किया गया है ताकि इनकी खपत को कम किया जा सके।

**1. दो मुख्य स्लैब** – अब जीएसटी को सरल करते हुए दो प्रमुख दरें तय की गई हैं- 5% और 18%

**2. विशेष स्लैब** – तथाकथित सिन वस्तुओं जैसे तंबाकू, शराब, एरेटेड ड्रिंक्स इत्यादि पर 40% जीएसटी लगेगा।

**कल से आपके लिए क्या हो रहा है सस्ता?**

**1. रोजमर्रा की जरूरी चीजें**

वो घरेलू सामान जिन पर अभी 12% जीएसटी लगता है, अब 5% स्लैब में आ सकते हैं। इनमें शामिल हैं: ● टूथपेस्ट, साबुन और शैम्पू ● पैकेज्ड फूड जैसे बिस्किट, स्नैक्स और जूस ● डेयरी उत्पाद जैसे घी और कंडेंस्ड मिल्क ● साइकिल और स्टेशनरी ● निश्चित कीमत तक के कपड़े और जूते 2. घरेलू उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स

जिन वस्तुओं पर अभी 28% टैक्स है, उन्हें घटाकर 18% किया जा सकता है। इससे कीमतें लगभग 7–8% तक कम हो सकती हैं। इनमें शामिल हैं:

● एयर कंडीशनर ● रेफ्रिजरेटर और डिशवॉशर ● बड़े स्क्रीन वाले टेलीविजन ● सीमेंट (निर्माण और हाउसिंग के लिए महत्वपूर्ण)

### जीएसटी 2.0 पर मुख्यमंत्री साय का बड़ा बयान

रायपुर। 22 सितंबर से लागू हो रहे प्रदेश में जीएसटी 2.0 को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि इसका सब जगह असर दिखेगा. जीएसटी के जो 4 स्लैब थे, उसको घटकर के 2 किया गया है. अब केवल 5 और 18 प्रतिशत का स्लैब है. पहले जो 28 प्रतिशत था, वह घटकर 18 हो गया है. इस तरह से 10 प्रतिशत की कटौती है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में जीएसटी रिफार्म को लेकर कहा कि इससे उद्योग-व्यापार में लाभ होगा, और हमारे अन्नदाता किसान भाइयों को भी बहुत लाभ होगा. कृषि उपकरण, कीटनाशक की कीमत काफी कम होगी, जिससे कृषि की लागत भी कम होगी, और किसानों को फायदा होगा.

**3. ऑटोमोबाइल**–ऑटो सेक्टर को भी इस बदलाव से बड़ा फ़ायदा मिलने की उम्मीद है: ● छोटे कार (1,200cc से कम इंजन वाली) पर जीएसटी 28% से घटकर 18% हो सकता है। ● टू-व्हीलर (भारत की मोबिलिटी की रीढ़) भी कम स्लैब में आ सकते हैं। ● बड़ी लग्जरी कार और एसयूवी पर ऊंचा टैक्स जारी रहेगा।

**4. बीमा और वित्तीय सेवाएं**

अभी बीमा प्रीमियम पर 18% जीएसटी लगता है, जिससे यह महँगा हो जाता है। जीएसटी 2.0 में इन्हें कम स्लैब में लाया जा सकता है या कुछ मामलों में पूरी तरह छूट दी जा सकती है। बता दें कि बीमा सस्ता होने से मिडिल इनकम परिवारों में कवरेज बढ़ेगा, जिससे वित्तीय सुरक्षा और स्वास्थ्य/जीवन से जुड़े जोखिमों में कमी आएगी।

**कल से क्या होगा महंगा?**

जीएसटी 2.0 के बाद भी सब कुछ सस्ता नहीं होगा। सरकार ने साफ कर दिया है कि कुछ वस्तुओं पर 40% 'सिन टैक्स' लागू रहेगा।

● तंबाकू उत्पाद, शराब और पान मसाला
● ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म
● पेट्रोलियम उत्पाद अभी भी जीएसटी के दायरे से बाहर हैं, इसलिए ईंधन की कीमतों में कोई राहत नहीं मिलेगी।● लग्जरी सामान जैसे हीरे और कीमती रत्नों पर भी ऊंचा टैक्स जारी रहेगा।

# राहुल के बाद तेजस्वी यादव की यात्रा में भी पीएम मोदी की मां का अपमान, भाजपा हुई हमलावर

**पटना,21 सितंबर।** तेजस्वी यादव की 'बिहार अधिकार यात्रा' के दौरान पीएम मोदी की दिवंगत मां के अपमान का आरोप लगने के बाद भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है, इसे प्रधानमंत्री की मां का दूसरा सार्वजनिक अपमान बताया जा रहा है। भाजपा नेताओं ने तेजस्वी पर कार्यकर्ताओं को ऐसे व्यवहार के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए इसे बिहार की संस्कृति का अपमान बताया और आगामी चुनावों में जनता द्वारा जवाब देने की चेतावनी दी। यह घटना लोकसभा चुनाव के बाद भी तीखी व्यक्तिगत हमलों की राजनीति को उजागर करती है। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव की 'बिहार अधिकार यात्रा' के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां के लिए



अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। भाजपा ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई है और इसे प्रधानमंत्री की दिवंगत मां का दूसरा सार्वजनिक अपमान बताया है। इससे पहले, राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान भी इसी तरह की घटना हुई थी, जब दरभंगा में एक व्यक्ति ने मंच से पीएम मोदी की मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद काफी बवाल मचा था। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस घटना पर एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा कि यह बिहार की संस्कृति का अपमान है। उन्होंने तेजस्वी यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे अपने कार्यकर्ताओं को इस तरह की 'गुंडागर्दी' और 'अपमानजनक व्यवहार' के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। चौधरी ने चेतावनी दी कि बिहार की महिलाएं इस पर ज़रूर जवाब देंगी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने भी इस मामले में तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने तेजस्वी की तुलना पौराणिक पात्र 'कंस' और 'कालिया नाग' से की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी मां का बार-बार अपमान करके ये लोग पाप कर रहे हैं। राय ने तेजस्वी को चेतावनी देते हुए कहा कि बिहार की जनता आगामी विधानसभा चुनावों में अपने वोटों से इसका करारा जवाब देगी।

### बिहार में विकास मित्रों को टैबलेट के लिए 25 हजार, परिवहन भत्ता भी बढ़ाया गया

**पटना ,21 सितंबर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महादलित, दलित, अल्पसंख्यक और अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर चलते हुए प्रदेश सरकार समाज के वंचित वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है।सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। इसे ध्यान में रखते हुए बिहार महादलित विकास मिशन के अन्तर्गत कार्यरत प्रत्येक विकास मित्र को टैबलेट क्रय हेतु एकमुश्त 25 हजार रूपए की राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया है

# लाखों भारतीयों के वीजा पर ट्रंप के फैसले के बाद एक्शन में आई मोदी सरकार

**नई दिल्ली,21 सितंबर।** टैरिफ के बाद अब ट्रंप ने एक और ऐसा फैसला लिया है, जिसने लाखों लोगों को परेशान कर दिया है। खासकर इसका बड़ा असर भारत पर पड़ने वाला है। दरअसल, जिस फैसले को लेकर डर बना हुआ था अब वही ट्रंप ने फैसला ले डाला है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एच1बी वीजा के नियम बदल दिए हैं। अब नए नियम के मुताबिक एच1बी वीजा अप्लाई करने के लिए 1 लाख डॉलर की फीस भरनी होगी। ट्रंप ने जब से अमेरिका की कमान संभाली है तब से ही वो दुनिया को परेशान करने वाले फैसले ले रहे हैं। जिसमें टैरिफ सबसे बड़ा सबूत है। टैरिफ कैसे दुनियाभर के देशों के साथ ही खुद अमेरिका को भी नुकसान पहुंचा रहा है। ये अच्छे से हर किसी को पता है। यानी की ट्रंप अपनी सत्ता की सनक पूरी करने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं। टैरिफ के बाद अब ट्रंप ने एक और ऐसा फैसला लिया है, जिसने लाखों लोगों को परेशान कर दिया है। खासकर इसका बड़ा असर भारत पर पड़ने वाला है। दरअसल, जिस फैसले को लेकर डर बना हुआ था अब वही ट्रंप ने फैसला ले डाला है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एच1बी वीजा के नियम बदल दिए हैं। अब नए नियम के मुताबिक एच1बी वीजा अप्लाई करने के लिए 1 लाख डॉलर की फीस भरनी होगी। अमेरिका द्वारा ट्रम्प द्वारा H1B वीज़ा पर लगाए गए प्रतिबंधों पर भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। भारत सरकार की तरफ से कहा गया कि इस कदम से परिवारों को होने वाली परेशानियों के रूप में मानवीय परिणाम होने की संभावना है। सरकार को उम्मीद है कि अमेरिकी अधिकारी इन परेशानियों का उचित समाधान कर पाएँगे। भारत ने बयान में कहा कि सरकार ने अमेरिकी एचआईबी वीज़ा कार्यक्रम पर प्रस्तावित प्रतिबंधों से संबंधित रिपोर्टें देखी हैं। इस उपाय के पूर्ण निहितार्थों का अध्ययन सभी संबंधित पक्षों द्वारा किया जा रहा है, जिसमें भारतीय उद्योग भी शामिल है, जिसने एचआईबी कार्यक्रम से संबंधित कुछ धारणाओं को स्पष्ट करते हुए एक प्रारंभिक विश्लेषण पहले ही प्रस्तुत कर दिया है। भारत और अमेरिका दोनों के उद्योगों की नवाचार और रचनात्मकता में रुचि है और उनसे आगे के सर्वोत्तम मार्ग पर परामर्श की अपेक्षा की जा सकती है।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी

**भिलाई,21 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लोगों से 10 से 12 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। स्मृति नगर चौकी पुलिस ने गिरोह के मुख्य आरोपी स्नेहांशु, उसकी पत्नी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपियों ने दो फर्जी फर्म निशा बिजनेस कन्सलटेंट प्रायवेट लिमिटेड कार्यालय सूर्या मॉल और यूनिक इन्वेस्टमेंट साल्यूशन कार्यालय सुपेला चौक बनाकर उसके माध्यम से रकम निवेश कराकर धोखाधड़ी को अंजाम देते थे 10 से 12 करोड़ फर्जीवाड़े का दस्तावेज बरामद आरोपी गिरोह शेयर मार्केट में निवेश और एक वर्ष में रकम दोगुना करने का लालच देकर मोटी रकम निवेश कराकर धोखाधड़ी करते थे। निवेश के लिए नियुक्त कन्सलटेंट को भी 10-15 प्रतिशत कमीशन देकर उनके माध्यम से निवेश कराते थे। शेयर बाजार में निवेश न कर आरोपीगण द्वारा केवल मनी रोलिंग कर धोखाधड़ी किया जा रहा था। आरोपीगण निवेशकों को विश्वास दिलाने स्कैम में निवेश संबंधी फर्जी दस्तावेज, मिरर इमेज कम्प्यूटर के माध्यम



से तैयार कर ग्राहकों को फर्जी दस्तावेज देते थे। अब तक लगभग 10-12 करोड़ के रकम फर्जीवाड़ा संबंधी साक्ष्य एवं दस्तावेज बरामद किया गया है मुख्य आरोपी स्नेहांशु नामदेव, उसकी पत्नी डाली नामदेव सेल्स एक्जीक्यूटिव निशा मानिकपुरी, धातरी कोसरे और शुभम गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है आरोपियों के कब्जे से धोखाधड़ी से प्राप्त रकम से खरीदे गए हार्ले डेविडसन मो0सा0, टाटा कर्व कार सहित अन्य वाहन, जेवरात, चल अचल संपत्ति संबंधी दस्तावेज, नगदी रकम सहित बड़ी मात्रा में बैंक दस्तावेज और संधारित लेन देने संबंधी रजिस्टर, कम्प्यूटर, लैपटाप, विदेशी कंपनी वरटू सहित अन्य मंहगे मोबाइल कीमती लगभग 1 करोड़ रुपए जब्त किया गया है भिलाई नगर सीएसपी ने बताया कि पीड़ित करण शर्मा ने स्मृति नगर चौकी, थाना सुपेला में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि स्नेहांशु नामदेव, उसकी पत्नी डाली नामदेव, निशा मानिकपुरी, धातरी कोसरे, सूर्या माल जुनवानी में निशा बिजनेस कन्सलटेंट प्रायवेट लिमिटेड एवं यूनिक इन्वेस्टमेंट साल्यूशन कार्यालय सुपेला चौक नामक कंपनी खोले हैं शेयर मार्केट में निवेश के नाम से 20 से 40 प्रतिशत का लाभ होने का लालच देकर उससे एवं उसके अन्य साथियों से लगभग 66 लाख 47 हजार की धोखाधड़ी की गई है। पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपीगण के विरूद्ध धारा 318(4), 61(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने जांच शुरू की। जिसके बाद सभी आरोपी पकड़े गए हैं ये आरोपी हुए गिरफ्तार स्नेहांशु नामदेव ( 37 साल ) निवासी साईविला जंजगिरी थाना कुम्हारी डाली नामदेव पति स्नेहांशु नामदेव ( 35 साल ) निशा मानिकपुरी ( 26 साल ) निवासी विजय नगर दुर्ग धातरी कोसरे ( 24 साल ) निवासी डीपाकेट मरोदा भिलाई शुभम गुप्ता ( 25 साल ) निवासी कृपाल नगर कोहका

# H-1B वीजा, टैरिफ पर बढ़ा विवाद तो व्हाइट हाउस ने जारी की फैक्टशीट

**वाशिंगटन,21 सितंबर।** ट्रंप प्रशासन ने नए H-1B वीज़ा आवेदनों पर भारी शुल्क लगाने के फैसले को अमेरिकी कामगारों के रोजगार संरक्षण के लिए आवश्यक बताया है। व्हाइट हाउस की फैक्टशीट, IT सेक्टर में विदेशी कर्मचारियों की बढ़ती हिस्सेदारी और US कंप्यूटर साइंस स्नातकों की उच्च बेरोजगारी दर को उजागर करती है, जो घरेलू श्रम बाजार को सशक्त करने के उद्देश्य को दर्शाती है। व्हाइट हाउस ने शनिवार को एक फैक्टशीट जारी (विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग, गणित) कर्मचारियों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई, जबकि कुल STEM नौकरियों में सिर्फ 44.5% की ही वृद्धि हुई। व्हाइट हाउस ने कुछ कंपनियों का उदाहरण भी दिया। एक कंपनी को वित्त वर्ष 2025 में 5,189 H-1B कर्मचारियों की मंजूरी मिली, लेकिन उसने लगभग 16,000 अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां खत्म कर दीं। दूसरी कंपनी को 1,698 H-1B मंजूरियां मिलीं, फिर भी उसने ओरेगन में 2,400



की। इसमें बताया गया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए H-1B वीजा आवेदनों पर 1 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 88 लाख रुपये) का बड़ा शुल्क क्यों लगाया। फैक्टशीट में कहा गया कि कम वेतन पर काम करने वाले विदेशी कर्मचारी अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां ले रहे हैं। व्हाइट हाउस ने जानकारी दी कि H-1B वीजा वाले आईटी कर्मचारियों की संख्या काफी बढ़ गई है। साल 2003 में यह हिस्सा 32% था, जो हाल के वर्षों में बढ़कर 65% से ज्यादा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में कंप्यूटर साइंस स्नातकों की बेरोजगारी दर 6.1% और कंप्यूटर इंजीनियरिंग स्नातकों की 7.5% तक पहुंच गई है। यह जीव विज्ञान या कला इतिहास जैसे विषयों के स्नातकों की बेरोजगारी दर से दोगुनी है। 2000 से 2019 के बीच अमेरिका में विदेशी STEM अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की। तीसरी कंपनी ने 2022 से अब तक 27,000 अमेरिकी कर्मचारियों की संख्या घटा दी, जबकि उसे 25,075 H-1B मंजूरियां मिलीं। एक और कंपनी ने 1,137 H-1B मंजूरियां लेने के बाद भी फरवरी में 1,000 अमेरिकी नौकरियां कम कर दीं। व्हाइट हाउस का कहना है कि H-1B वीजा पर 1 लाख डॉलर का शुल्क लगाने का फैसला अमेरिकी कर्मचारियों को प्राथमिकता देने और उनकी नौकरियां वापस लाने की दिशा में उठाया गया कदम है। फैक्टशीट में कहा गया, 'मतदाताओं ने राष्ट्रपति ट्रंप को अमेरिकी कामगारों को प्राथमिकता देने का जनादेश दिया है। वे हर दिन इस वादे को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने विनिर्माण क्षेत्र की नौकरियां वापस लाने और अमेरिका में नए निवेश के लिए नए व्यापार समझौते भी किए हैं।'

# 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ आ रहे अमित शाह: विजय शर्मा

**रायपुर,21सितंबर।** भारत-पाकिस्तान के बीच आगामी क्रिकेट मैच को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि इस बार पाकिस्तान को पिछली बार से भी ज्यादा करारी शिकस्त भारत की टीम देगी. इसके अलावा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुलिस सुधारों के तहत कमिश्नर प्रणाली लागू करने की घोषणा की. उन्होंने कहा, कमिश्नर प्रणाली लेकर आएंगे, जिससे पर्याप्त व्यवस्था और निर्णय पुलिस स्वयं कर पाएगी. यह प्रणाली पुलिस को अधिक स्वायत्तता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करेगी, जिससे कानून-व्यवस्था मजबूत होगी. वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 4 अक्टूबर को राज्य के दौरे पर रहेंगे. मीडिया से बातचीत में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे और बस्तर के प्रसिद्ध दशहरा उत्सव में हिस्सा लेंगे. वे विशेष रूप से मुरिया दरबार में शिरकत करेंगे, जो इस 75 दिनों तक चलने वाले ऐतिहासिक आयोजन का केंद्रीय हिस्सा है. बस्तर दशहरा, जो जगदलपुर में आयोजित होता है, आदिवासी परंपराओं और रीति-रिवाजों



से जुड़ा 600 वर्ष पुराना उत्सव है. यह नक्सलवाद से मुक्त बस्तर की शांति और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रतीक बन चुका है. शर्मा ने कहा, "गृहमंत्री जी का यह दौरा बस्तर के लिए ऐतिहासिक होगा. बस्तर अब नक्सलवाद की गिरफ्त से मुक्त होकर शांति और खुशी से अपने त्योहार मना रहा है." बस्तर सांसद महेश कश्यप ने 19 सितंबर को दिल्ली में शाह से मुलाकात कर यह निमंत्रण दिया था, जिसमें मां दंतेश्वरी की पवित्र छवि भी भेंट की गई. शाह ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि वे 75-दिवसीय मुरिया दरबार में भाग लेंगे. यह दौरा राज्य सरकार की नक्सल-मुक्ति अभियान की सफलता को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करेगा.

# बिहार के मोतिहारी में पांच संदिग्ध विदेशी नागरिक पकड़े गए

**मोतिहारी ,21 सितंबर।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन इलाके से पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने संयुक्त कार्रवाई में पांच संदिग्ध विदेशी नागरिकों को पकड़ा है। इनसे पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए विदेशी नागरिक नेपाल के रास्ते बिहार पहुंचे थे। बताया जाता है कि शनिवार की देर रात एसएसबी को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध विदेशी पटना जाने की फिराक में हैं और एक गांव से निकले हैं। एसएसबी के अधिकारियों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एसएसबी और पुलिस की एक संयुक्त टीम घोड़ासहन बस स्टैंड पहुंची और तलाशी शुरू की। इसके बाद पुलिस ने एक यात्री बस में सवार सभी चार लोगों को हिरासत में ले लिया। एक व्यक्ति बाद में पकड़ा गया। सभी अंधेरे में एक यात्री बस में सवार थे। बताया गया कि पकड़े गए विदेशियों में चार सूडानी और एक बोलिविया का नागरिक है। इनके पास से उर्दू में लिखे नोट्स, कुछ पुस्तकें और दस्तावेज बरामद हुए हैं। मोतिहारी पुलिस ने मुख्यालय को भी इसकी सूचना दे दी है। पुलिस टीम मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि टीम सभी लोगों से पूछताछ कर रही है। पकड़े गए लोगों की उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस उनके पास से मिले कागजातों की जांच कर रही है। पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आईएएनएस को बताया कि पकड़े गए लोगों की पहचान सूडान निवासी अब्दुल फितह (44), रमा सिद्दीकी (38), अली अब्दुल गफ्फार (27), अहमद डफआला (37) तथा बोलिविया निवासी मिगुएल सोलानो चावेज के रूप में हुई है।उन्होंने बताया कि पूछताछ में सूडानी नागरिकों ने पढ़ाई करने की बात स्वीकार की है। हालांकि, सभी नेपाल के रास्ते बिहार आने की बात को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके हैं। इनसे आईबी के अधिकारी ने भी पूछताछ की है।

# पितरों को तर्पण, पिंडदान व हवन अनुष्ठान के साथ पितृपक्ष का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** पूर्वजों की स्मृति और तर्पण का पावन पर्व पितृ पक्ष रविवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। पितृ अमावस्या के अवसर पर भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने अपने पितरों को याद कर तर्पण, पिंडदान और हवन अनुष्ठान किए। इस मौके पर विभिन्न धार्मिक स्थलों और घाटों पर सुबह से ही आस्था का विशेष माहौल देखने को मिला।

पितृ पक्ष की समाप्ति पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवनाथ नदी, खारून नदी, टाउनशिप के तालाब, छावनी तालाब और अन्य सरोवरों के किनारे पहुंचे। पुजारी-पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म किए गए। लोग अपने पितरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना करते नजर आए।



**सामूहिक भंडारे और अन्नदान :** पितृ अमावस्या के अवसर पर शहर के विभिन्न वार्डों, मंदिरों और समाज भवनों में सामूहिक भंडारे और अन्नदान का आयोजन किया गया। कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने गरीब और जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**कथा, हवन और जागरूकता कार्यक्रम :** कई मंदिरों में भागवत कथा, रुद्राभिषेक और हवन अनुष्ठान हुए। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए कुछ समितियों ने श्राद्ध कर्म के साथ वृक्षारोपण कर नई परंपरा की शुरुआत की। पंडितों ने लोगों को तर्पण के धार्मिक महत्व के साथ-साथ पितरों के प्रति कृतज्ञता और परिवार में एकजुटता का संदेश दिया।

### नवरात्रि की तैयारियां शुरू

पितृ पक्ष की समाप्ति के साथ ही अब भिलाई सहित पूरे प्रदेश में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां तेज हो गई हैं। पंडालों की सजावट, दुर्गा प्रतिमा की स्थापना और गरबा आयोजनों के लिए समितियां सक्रिय हो गई हैं। पितृ पक्ष के इन आयोजनों ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट किया, बल्कि समाज में पूर्वजों के प्रति सम्मान, सामूहिकता और सेवा भावना का भी संदेश दिया।

## समाचार संक्षेप

### बिजली बिल में बढ़ोतरी से जनता परेशान जेब पर बढ़ रहा बोझ : देवेंद्र यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 21 सितम्बर।** एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने प्रदेश में बढ़े बिजली बिलों को लेकर राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार का स्मार्ट मीटर योजना जनता की जेब पर अप्रत्याशित टैक्स का बोझ बन गई है। विधायक यादव ने कहा कि सत्ता में आते ही सरकार ने दावा किया था कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को सटीक बिल मिलेगा और सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, लेकिन वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिलों में तीन से चार गुना तक बढ़ोतरी देखी जा रही है। जिन घरों का बिल पहले 200ङ्क250 रुपये तक आता था, उनका बिल अब 600 रुपये या उससे अधिक पहुंच गया है। इससे हर परिवार परेशान है, खासकर रोज कमाने-खाने वाले मजदूर वर्ग पर इसका गहरा असर पड़ा है। यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय लागू हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट तक की खपत पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाती थी, जिससे उपभोक्ता केवल 200 यूनिट का भुगतान करते थे। लेकिन मौजूदा सरकार ने इस योजना में कटौती कर अब केवल 100 यूनिट तक ही छूट सीमित कर दी है। 100 यूनिट से एक यूनिट भी ज्यादा खपत होने पर उपभोक्ताओं को पूरी दर से बिल चुकाना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि बढ़ी हुई दरों को तत्काल वापस लिया जाए और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए हाफ बिजली बिल योजना को पूर्व स्वरूप में बहाल किया जाए, ताकि आम जनता को महंगाई से राहत मिल सके।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान से नागरिकों को दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई के रजत जयंती वर्ष और स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शनिवार को जोन क्रमांक 03 और 04 में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शहरवासियों को साफ-सफाई बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। जोन क्रमांक 03 में युग निर्माण स्कूल के पास स्थित जीवीपी पॉइंट का विलोपन (कचरा डंपिंग स्थल को हटाना) किया गया। इस अवसर पर सम्मानित पार्षद इंजीनियर सलमान, भोला साहू, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र दिवाकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, पीआईयू के अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी, युक्ति देवांगन, जोन-3 के जोनल विनोद सहित सुपरवाइजर और सफाई मित्र उपस्थित रहे। इसी क्रम में जोन क्रमांक 04 के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनाई गई। इस अवसर पर बच्चों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई और स्वच्छ रहने की शपथ दिलाई गई। स्कूल परिसर में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण कर सफाई अभियान चलाया।

### कमकासुर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का 59 ग्रामीणों ने उठाया लाभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** दुल्की माइन्स के सीएसआर के अंतर्गत ग्राम कमकासुर में 19 सितम्बर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में लोगों की सामान्य जांच के साथ ही शुगर, बीपी आदि की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। कुल 59 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया।

### आम जनता बढ़ते बिजली बिल से परेशान : गोपाल चंद्रवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 21 सितम्बर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने बीजेपी सरकार की निदा करते हुए सुबह सुबह कहा की आए आम आदमी को बढ़ती बिजली बिल का भुगतान करना पड़ रहा है जो की निंदनीय है। कबीरधाम जिला में किसानों ओर गरीब परिवार, मध्यवर्गीय परिवार को आर्थिक परेशानियों का बोझ बढ़ गया है और बीजेपी सरकार की नीतियों से लोग परेशान है।

## एक नजर

### आवास योजना: अपात्र हितग्राहियों के नाम विलोपित करने से पूर्व दावा-आपत्ति आमंत्रित

**कवर्धा, 21 सितम्बर।** आवास प्लस (2018) अंतर्गत अपात्र हितग्राहियों के नाम स्थायी प्रतीक्षा सूची से विलोपित किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ग्राम सभाओं से अनुमोदन उपरांत जिले की जनपद पंचायतों द्वारा चिन्हांकित 3029 हितग्राही विभिन्न कारणों से अपात्र पाए गए हैं। इनमें बोडला के 1616, कवर्धा के 194, पंडरिया के 967 और सहसपुर-लोहारा के 252 हितग्राही शामिल हैं। समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा सत्यापित सूची जिला पंचायत को प्राप्त हो गई है। यह सूची संबंधित जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत कार्यालयों के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है। साथ ही इसे जिला कबीरधाम की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। यदि किसी हितग्राही को सूची में शामिल नाम पर आपत्ति है, तो वह 3 अक्टूबर 2025, शुक्रवार शाम 5 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों सहित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। आवेदन संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय अथवा जिला पंचायत कबीरधाम कार्यालय में जमा किए जा सकेंगे।

### नवनिर्वाचित महिला सरपंचों को महिला सशक्तिकरण के लिए दिया प्रशिक्षण

**कवर्धा, 21 सितम्बर।** महिला हितैषी थीम पर डंगनिया स्थित प्रशिक्षण केन्द्र, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कबीरधाम में नवनिर्वाचित महिला सरपंचों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित फ्रमिशन शक्तिफ्र के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है। इसमें महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, आर्थिक भागीदारी बढ़ाना तथा निर्णय लेने में समान अवसर प्रदान करना प्रमुख लक्ष्य हैं। मिशन शक्ति को सबल (सुरक्षा हेतु) एवं सामर्थ्य (सशक्तिकरण हेतु) नामक दो उप-क्षेत्रों में लागू किया गया है। इनके अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनमें सखी वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, छत्तीसगढ़ महिला कोष आदि शामिल हैं। प्रशिक्षण में महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर भी जानकारी दी गई।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोडला में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

**कवर्धा, 21 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोडला में इस अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, जनपद पंचायत श्रीमती बालका रामकिंनकर वर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, मंडल अध्यक्ष मोहन धुर्वे, जनपद सदस्य नरेश चंद्रवंशी, श्रीमती बेबी सत्यवंशी, चैन सिंह, जस्सू पटेल सहित जनप्रतिनिधि व पार्षदगण, मितानिन समन्वयक, मितानिन ट्रेनर, मितानिन बहनें तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या उपस्थित थे।

### 30 सितम्बर तक हर किसान का एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य रूप से करें : कलेक्टर

**कवर्धा, 21 सितम्बर।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कृषि विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा धान खरीदी वर्ष 2025-26 के लिए एग्री स्टेक प्रोजेक्ट के अंतर्गत एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसान पंजीयन प्रत्येक किसान के लिए अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी किसानों का पंजीयन एग्रीस्टेक पोर्टल पर सुनिश्चित कराना आरईओ की जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने सख्त निर्देशित किया कि प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी एवं किसान पंजीयन 30 सितम्बर तक हर हाल में पूर्ण होना चाहिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ जिले में चल रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं एग्रीस्टेक फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समय-सीमा का पालन न करने वाले अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। किसान पंजीयन सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर महिला से ठगी

# 12 फीसदी रिटर्न का झांसा देकर 30 लाख रुपए की लगाई चपत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** भिलाई नगर थाना अंतर्गत शेयर ट्रेडिंग के नाम पर महिला ने पीड़ित को हर माह 12 फीसदी रिटर्न तक का लाभ देने का झांसा देकर करीब 30 लाख रुपए की ठगी की है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि स्ट्रीट 13 सेक्टर 05 निवासी अपूप कुंडू (55 साल) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि पिछले वर्ष 25 से 28 नवंबर के न्यूज पेपर में विज्ञापन देखकर फॉरेक्स ट्रेडिंग के लिए दुर्ग निवासी रीना मिश्रा पति अनुपम मिश्रा से संपर्क किया। उसने फॉरेक्स ट्रेडिंग के लिए ट्रेनिंग के साथ-साथ ट्रेड्रिंग में मोटा लाभ का आश्वासन दिया। प्रत्येक माह 10 से 12 प्रतिशत का लाभ का आश्वासन दिया। उसे जनवरी से सितंबर 2025 तक अलग-अलग समय पर उनके कहने पर बताए बैंक खातों में 30 लाख रुपए जमा करा दिए। इस बीच उसने 8 लाख रुपए अलग-अलग बैंकों से लोन लिया। 15 लाख रुपए रिश्तेदारों और 9 लाख रुपए दोस्तों से उधार लेकर दिया छह महीने का समय गुजरने के बाद भी प्रॉफिट नहीं दिया जब उसने पैसा वापसी की बात कही तो मार्केट खराब होने से पैसा डूबने का डर दिखाती रही।

## तंत्र-मंत्र एवं प्रेत बाधा दूर करने के नाम पर छात्र से 1.60 लाख रुपए की ठगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 21 सितम्बर।** स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र के तंत्र मंत्र एवं प्रेत बाधा दूर करने के नाम पर एक छात्र से 1 लाख 60 हजार रुपए की ठगी की गई रिपोर्ट पर स्मृति नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318 (2) बीएनएस के तहत का अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अमन कुमार साहू (20 साल) निवासी इंदिरा नगर सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके मोबाइल इस्टाग्राम के माध्यम से तंत्र विद्या से संबंधित एप्प ऐस्ट्रोलोजर गुरुमाता आईडी को देखने पर घर से जुड़ी समस्या तंत्र विद्या से निवारण के लिए विज्ञापन दिया था उससे प्रभावित होकर अमन कुमार ने मैसेज किया। संदेश पढ़कर संबंधित ने अमन कुमार को अपना फोन नंबर दिया। अमन ने उक्त नंबर पर संपर्क किया। अपनी समस्या बताई तो संबंधित ने पूजा कराना पड़ेगा। जिसका खर्च 2250 रु लगेगा। इससे निवारण हो सकता है। फिर अमन ने पूजा करने के लिए अपनी सहमति व्यक्त की तब संबंधित ने स्केनर भेजा। 8 सितंबर को अमन ने दो बार में 2300 रुपए फोन पे के माध्यम से भुगतान किया। उसी दिन काल आया कि काम में बाधा आ रही है, इस पर उसने 2 हजार एवं 9 सितंबर को कुल 6 हजार रुपए डाल दिए। इसके बाद वीडियो काल के जरिए अमन को पूजा वगैरह दिखाकर काम में प्रेत आ रहा है कहकर 2400 रु डलवा लिए। 10 सितंबर को 2000 एवं 1400 रु डाला था। पीड़ित ने कहा कि प्रेत नही हट रहा है लेकिन आपका काम 99.9 प्रतिशत हो गया है। तथा वीडियो कॉल के माध्यम से पूजा दिखाकर तथा सोने का चूडा बेचकर पैसा दूंगा, सोने के चूडा का लालच देकर उज्जैन में में पूजा कराना है भैरव में पूजा कराना पडेगा, भंडारा कराना पडेगा, सोना का चूडा को भेज रहा हूं जिसके लिये गाडी करना पडेगा। जिसका किराया लगेगा मोबाइल के माध्यम से बातचीत में कहकर युपीआई 8 सितंबर 2025 से 17 सितंबर 2025 तक कुल 1, 59, 900 रू धोखाधड़ी की है इस्टाग्राम के माध्यम से तंत्र विद्या संबंधित ऐप में विज्ञापन दिया था।

## युवती की हत्या कर खार में फेंका शव, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगपुरा चौकी क्षेत्र में एक युवती की हत्या कर शव खार में फेंके जाने की घटना से हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी खबर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मर्च्युरी में रखवा दिया। पुलिस इस मामले में युवती की शिनाख्ती में जुटी है। उसके कपड़े, चेहरे के रंग को गुमशुदगी प्रकरणों से मिलान किया जा रहा है जिले के हर थाने में मृतका की फोटो भी भेज दी गई है गला घोटे जाने की है आशंका पुलिस को आशंका है कि युवती की पहले गला घोंटकर हत्या की गई है इसके बाद उसके चेहरे को पत्थर से कुचला गया है, ताकि उसे कोई पहचान न सके। शनिवार की सुबह नगपुरा-दमोदा-टेमरी गांव के पास खेत के किनारे युवती की लाश मिली सूचना मिलने पर नगपुरा चौकी व पुलगांव थाने की टीम मौके पर पहुंची। दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची युवती के चेहरे व सिर को बुरी तरह से कुचला गया, वहीं युवती के गले में चुनरी लिपटी हुई थी देर रात की गई हत्या पुलिस को आशंका है कि हत्या रात के अंधेरे में की गई पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है ताकि युवती जिस राह से होकर यहां तक पहुंची है, वह नजर आ जाए युवती की पहचान होते ही मामले से पर्दा उठ जाने की उम्मीद की जा रही है इसके बाद ही पोस्टमार्टम किया।

## हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पत्रकारों ने धरना देकर ज्ञापन सौंपा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 21 सितम्बर।** जिले में पत्रकार सुरक्षा को लेकर एक गंभीर घटना सामने आई है। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे एक छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित चैनल के पत्रकार और उनके कैमरामैन पर एक पानी बोतल कंपनी जी. एस. मसाला कंपनी के मालिक ने हमला कर दिया। रिपोर्टिंग कर रहे पत्रकार को रोकने के लिए उसे गले से पकड़कर मारने की कोशिश की गई। इस दौरान कैमरामैन के दो मोबाइल फोन लूट लिए गए, जबकि तीसरे मोबाइल को भी छीनने का प्रयास हुआ। हमले के बाद पत्रकार अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकले। इस घटना के बाद जिले के सभी पत्रकार आक्रोशित हैं, और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं, और अगर 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी नहीं होती है तो धरने प्रदर्शन और चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी है। पत्रकार संगठनों ने इस घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से इस मामले में त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पत्रकार वरिष्ठ पत्रकार उमेश शर्मा पत्रकार मन्नू चंदेल, पत्रकार सूर्या चंद्रवंशी, पत्रकार महेश मिश्रा, पत्रकार शैलेन्द्र उपाध्याय पत्रकार वेदांत शर्मा, पत्रकार उत्तम मानिकपुरी, पत्रकार अभिषेक वर्मा, पत्रकार संजू गुप्ता पत्रकार अंजली चंद्रवंशी, पत्रकार सौरभ नामदेव, पत्रकार मेघा यादव, पत्रकार अंकिता शर्मा सहित पत्रकारों ने धरना कर ज्ञापन सौंपा।

## सांसद खेल महोत्सव शुरू, कुश्ती चैम्पियन भूपेंद्र का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** खेलो इंडिया और फिट इंडिया मुहिम के तहत आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ रविवार को भिलाई में हुआ। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ सांसद विजय बघेल ने सेक्टर-2 स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड से किया। इस अवसर पर निकाली गई भव्य मशाल रैली में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारी शामिल हुए। मशाल रैली दुर्ग लोकसभा के सभी विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण कर खिलाड़ियों को खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी। यह रैली करीब 293 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। महोत्सव के दौरान तीन माह तक एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, फुगड़ी, सुरीली कुर्सी जैसे पारंपरिक ग्रामीण खेलों का आयोजन किया जाएगा। सांसद विजय बघेल ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य छुपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाना और फिट इंडिया आंदोलन को गति देना है। उन्होंने प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों और खेल संघ के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह को कुश्ती के क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। भूपेंद्र सिंह ने अपने खेल जीवन में लगभग 12 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और विश्वविद्यालय स्तरीय खेलों में भाग लेकर कई पदक जीते हैं। भूपेंद्र की इस उपलब्धि पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।



## अग्रसेन जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा में समाज के लोग बड़ी संख्या में हुए शामिल

# जगह-जगह विभिन्न समाज के लोगों ने किया शोभायात्रा का स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** अग्रवाल समाज द्वारा महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।



सेक्टर-6 स्थित अग्रसेन भवन से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः अग्रसेन भवन में आकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान जगह-जगह विभिन्न समाजों और संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में महिलाएं, युवक-युवतियां और बच्चे पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर शामिल हुए, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और उमंग का संचार हो गया। इस दौरान समाज के विशिष्ट लोगों का शॉल और श्रीफल से सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर भिलाई अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज को एकता, भाईचारा और सहयोग का जो संदेश दिया था, उसी को जन-जन तक पहुंचाने और समाज को एक सूत्र में जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। अग्रवाल समाज द्वारा 17 से 22 सितम्बर तक चल रहे जयंती समारोह के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भजन संध्या और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। समारोह में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं और युवा वर्ग ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर महाराज अग्रसेन के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## रजत जयंती वर्ष पर निगम ने दिया स्वच्छता का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** नगर निगम भिलाई के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को सिविक सेंटर में स्वच्छता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित करना रहा। शाम 6:30 बजे से 8 बजे तक आयोजित इस नुक्कड़ नाटक में कलाकारों ने रोचक और प्रभावशाली प्रस्तुति देकर लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और उन्होंने स्वच्छता संदेश की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, हेमंत मांझी, पीआईयू अधिकारी अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी, स्वच्छता निरीक्षक सी.एम. यादव सहित निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। रजत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 21 सितम्बर को भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। शाम 5:30 बजे : जोन क्रमांक 04 के छावनी मंगल बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश। नगर निगम ने शहरवासियों से इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की अपील की है।



एक नजर

## युवती के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 21 सितंबर।** प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह एक मोबाइल व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ी हुई थी, जिसमें आरोपी ग्राम पौसरी निवासी शुभम वर्मा द्वारा उसके मोबाइल नंबर को निकाल कर अपने मोबाइल नंबर से कॉल करता था एवं धीरे-धीरे मेलजोल बढ़ाकर शादी करने की बात बोलकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इस दौरान प्रार्थिया द्वारा मिलने से मना करने पर आरोपी, प्रार्थिया को डराता धमकाता था तथा उसकी वीडियो और फोटो वायरल कर देने की धमकी देकर, उससे रुपए पैसे की मांग करता था, जिससे प्रार्थिया एकदम भयभीत हो गई थी। की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 743/2025 धारा 64(1),69,308(2)351(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शुभम वर्मा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा शादी करने का झांसा देकर प्रार्थिया के साथ दुष्कर्म करना तथा फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे रुपए पैसे की मांग करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 19.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- शुभम वर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पौसरी थाना सिटी कोतवाली।

## शिविर में की स्वास्थ्य जांच के साथ श्रम,आयुष्मान कार्ड बनाए



**बलौदाबाजार, 21 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को सभी पंचायतों में आज सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें स्वच्छाग्रहियों का स्वास्थ्य जांच कराया गया। इसके साथ ही श्रम कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कार्यक्रम में स्वच्छाग्रहियों द्वारा अटल चबूतरा की सफाई, धार्मिक स्थानों की सफाई,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों की सफाई किया गया। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा जिसमें जिले के सभी गांव में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 को लोगों के व्यवहार में लाने के लिए प्रयास किया जाएगा ताकि लोग स्वच्छता को अपनाएं और अपने आस -पास को साफ रखें।

## नगर पंचायत भटगांव में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारंभ

**भटगांव, 21 सितंबर।** नगर पंचायत भटगांव में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने किया। इस अवसर पर उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय से स्वच्छता शपथ दिलाई तथा स्वच्छता रैली के लिए हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता वाहन को रवाना किया।

यह रैली नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर बिर्रा रोड तक निकाली गई। इस अवसर पर नगर पंचायत के समस्त पार्षद, कर्मचारी व अन्य नागरिक उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने सभी ने सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन भटगांव के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम एवं स्वच्छता इकाई परिवर्तन कार्य किए जाएंगे।

# शिविर में 55 लोगों ने किया रक्तदान अग्रवाल समाज ने किया सबका सम्मान

### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : नगर पालिका अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 21 सितंबर।** अग्रवाल समाज तिल्दा नेवरा के द्वारा ओम हॉस्पिटल तिल्दा एवं सजग ब्लड बैंक तिल्दा की तरफ से तिल्दा नेवरा वासियो के लिए विशाल रक्तदान शिविर व हेल्थ मेडिकल केम्प नया अग्रसेन भवन कोहका में सम्पन्न हुआ 150 से अधिक लोगों का हुआ निशुल्क स्वास्थ परीक्षण। शिविर में 150 से अधिक लोगों का स्वास्थ परीक्षण कर दवाई व उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर में विशेष रूप से आर्थो के डाक्टर अखिलेश , गायनों, और न्यूरो सर्जन डॉक्टर उपस्थित थे। लोगों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लेकर स्वास्थ्य लाभ लिया। साथ ही रक्तदान शिविर में 55 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों का अग्रवाल समाज द्वारा सम्मान किया गया व उपहार भेंट किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला खुमान वर्मा ने किया रक्तदान और कहा कि रक्तदान महादान है और इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है इसलिए रक्तदान को महादान कहते हैं, क्योंकि यह दान दूसरों की जिंदगी बचाने के साथ खुद की सेहत दुरुस्त करता है।उन्होंने कहा हर समस्या का का कुछ न कुछ विकल्प ढूंढ निकाला गया है। लेकिन ब्लड का कोई विकल्प नहीं है। खून की कमी को केवल ब्लड डोनेशन के द्वारा ही पूरा किया जा सकता है। इसलिए हर सक्षम व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए।मनुष्य जीवन में चारोधाम कर पुण्य लाभ प्राप्त करता है। उसी तरह एक स्वस्थ्य मनुष्य जीवन में रक्तदान कर उससे भी बड़ा पुण्य लाभ हासिल कर सकता है।

# उसडीबोड़ आलीखुटा रानीतरई रोड जर्जर

### हालात नहीं सुधरने पर किया जाएगा आंदोलन : वैष्णव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 21 सितंबर।** प्रधानमंत्री सड़क योजना उसडीबोड से आलीखुटा से रानीतरई रोड़ जर्जर पर योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य राजनांदगांव ने कहा कि डबल इंजन सरकार कब सुधरेंगे प्रधानमंत्री सड़क को किसानों खाद बीज छात्र छात्राओं पढ़ाई करने रानीतरई जाना पड़ता लेकिन सैकड़ो जानलेवा गढ्ढा राहगिरो परेशानी के सामना करना पड़ता।

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह विधानसभा क्षेत्र बुरा हालत अधिकारी कुंभकर्णरी नींद कब जागेंगे या विधानसभा अध्यक्ष बजट राशि नहीं मिलना दोनों बातें हो सकती है आगामी दिनों जर्जर सड़क नव निर्माण नहीं करने पर आंदोलन ग्रामीणजनो मिलकर किया जाएगा।



# म्यूल अकाउंट संचालित करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 21 सितंबर।** आईडीबीआई के खाता का प्रोपराइटर लक्ष्मी नारायण पटेल द्वारा अपने खाते को साइबर फ्रॉड में म्यूल अकाउंट के रूप में उपयोग किया जाना पाया गया। उक्त खाता में अल्प अवधि दिनांक 24.06.2025 से 01.07.2025 तक करोड़ों रुपए का अनाधिकृत लेनदेन किया गया है। सांथ ही उक्त खाता के विरुद्ध कुल 61 ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित शिकायत भी दर्ज है। जिस पर जांच उपरांत खाताधारक लक्ष्मी नारायण पटेल द्वारा आपराधिक षड्यंत्र करते हुए धोखाधड़ी का अपराध करना पाए जाने से उसके विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 763/2025 धारा 317(4),318(4),61(2) के बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी लक्ष्मी नारायण पटेल को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर यह पता चला कि- उसका 07-08 माह पूर्व एक अन्य आरोपी से मुलाकात हुआ था, जिससे अपनी आर्थिक परेशानी बताने पर उसके द्वारा ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग एवं म्यूल अकाउंट के बारे में बताया गया। दूसरे आरोपी ने कहा कि करंट अकाउंट जिसमें ऑनलाइन धोखाधड़ी का करोड़ों रूपयों का लेनदेन होता है, वैसे ही अकाउंट की जरूरत रहती है। वह ऐसे अकाउंट में आए हुए रकम में से कमीशन के रूप में आपको पैसा मिलेगा, कहने पर आरोपी द्वारा अपना बैंक खाता खुलवाया गया, जिससे कमीशन के रूप में उसे पैसा मिलता था। इसके अलावा आरोपी लक्ष्मी नारायण पटेल जयपुर भी गया था, जहां वह एक फ्लैट में रुका था वहां अन्य आरोपियों के साथ ऑनलाइन ठगी का कार्य किया, जिसमें कमीशन के रूप में ?20,000 आरोपी लक्ष्मी नारायण पटेल को मिला था। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 20.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



# दुर्गा पंडाल सजावट हुई पूरी, कल विराजेंगी माता रानी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 21 सितंबर।** नवरात्रि और विजयादशमी पर्व को लेकर पूरे नगर में उल्लास और श्रद्धा का वातावरण है। सांस्कृतिक मंच नव आनंद कला मंदिर के द्वारा इस बार भव्य आयोजन की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। मंदिर परिसर में आकर्षक दुर्गा पंडाल सज-धज कर तैयार हो चुका है, जिसमें कल माता रानी की प्रतिमा विराजमान होगी। नव आनंद कला मंदिर के अध्यक्ष मोरज पटेल और उनकी पूरी टीम लगातार कई दिनों से इस आयोजन को सफल बनाने में जुटी हुई है। पंडाल की सजावट में रंग-बिरंगी लाइटों, आकर्षक झांकियों और सुंदर सजावट सामग्री का उपयोग किया गया है, जो भक्तों का मन मोह लेगा।

पंडाल में प्रवेश के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था,

### नगर में भक्तिमय माहौल सांस्कृतिक मंच नव आनंद कला मंदिर ने पूरी की तैयारियाँ

परे नौ दिनों तक भक्तिमय भजन-कीर्तन के कार्यक्रम तथा बच्चों के लिए सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी आयोजित होंगी। पूरे आयोजन में सुरक्षा और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अध्यक्ष मोरज पटेल ने बताया कि नवरात्रि पर्व केवल आस्था का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस आयोजन के माध्यम से नगरवासी एक साथ मिलकर माँ दुर्गा के चरणों में नमन करेंगे और समाज में सद्भावना एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। कल सुबह विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ माता रानी की प्रतिमा विराजमान होगी, जिसके बाद नौ दिनों तक पूजा-अर्चना, भजन-संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विजयादशमी के दिन विसर्जन जुलूस के साथ इस आयोजन का समापन होगा। नगरवासी इस भव्य पंडाल और नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साहित हैं और कल से शुरू होने वाले कार्यक्रमों का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

# आरक्षकों को दिया गया वाहन चलाने का प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### 40 आरक्षक हुए शामिल




**बलौदाबाजार-भाटापारा, 21 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 20.09.2025 को प्रातः 10:00 बजे से पुलिस पुलिस कैंप लाहोद में आरक्षकों के लिए एक दिवसीय वाहन चालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा श्री हेमसागर सिदार द्वारा उपस्थित समस्त आरक्षकों को वाहन चालन के समस्त नियमों से अवगत कराते हुए इस प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि थाना चौकी में यदा-कदा किसी भी समय महत्वपूर्ण सूचनाऐं प्राप्त होती रहती है, जिसमें पुलिस का तुरंत घटनास्थल पहुंचना अत्यंत आवश्यक होता है। इस दौरान थाने में वाहन चालक उपस्थित ना होने से परेशानियां उत्पन्न होती है, इस कारण से थाना/चौकी में उपस्थित समस्त पुलिस स्टाफ का चारपहिया वाहन चालन में दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है तथा उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए आप सभी के लिए वाहन चालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वाहन चालन प्रशिक्षण में विभिन्न थाना/चौकी के कुल 40 की संख्या में आरक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान एमटीओ धनेश्वर साहू द्वारा आरक्षकों को चारपहिया वाहन चलाने हेतु समस्त नियमों, संकेतकों का प्रभावी इस्तेमाल आदि के संबंध जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पुलिस आरक्षकों द्वारा बारी-बारी से प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दी गई अहर्ताओं को पूरी करते हुए चारपहिया वाहनों को चलाते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

# सीईओ जिला पंचायत ने प्राचार्यों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली

**राजनांदगांव 21 सितम्बर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में प्राचार्यों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की गहन समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने पाक्षिक, तिमाही एवं गत वर्ष के परीक्षा परिणाम की जानकारी ली तथा बच्चों को गंभीरतापूर्वक गुणत्तायुक्त शिक्षा देने कहा। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विनोबा एप के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों को बेहतर बनाने के लिए मासिक एवं पाक्षिक परीक्षा आयोजन करने कहा। विनोबा एप में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति तथा परीक्षा परिणामों की सही प्रविष्टि सुनिश्चित करने कहा। सभी प्राचार्यों, शिक्षकों, सीएसी, ब्लॉक एवं जिला स्तरीय शिक्षा अधिकारियों को विनोबा एप की संपूर्ण जानकारी रखने तथा समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणामों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालय को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता कार्यक्रम एवं जिले के शिक्षा सुधार कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ ने गतवर्ष के बोर्ड परीक्षा परिणाम में संतोषजनक परिणाम नहीं आने के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए कोचिंग संचालन, उपचारात्मक शिक्षण एवं अतिरिक्त कक्षा संचालन से परिणाम में सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम में पिछड़ने वाली संस्थाओं की समीक्षा की और सुधार के लिए कार्ययोजना बनाने कहा।

# कर्म से होता है भविष्य तयःमुनि वीरभद्र

### चातुर्मासिक प्रवचन

**राजनांदगांव 21 सितंबर।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि कितनी भी इच्छाएं रख ले लेकिन होगा वही जो कर्म सत्ता चाहेगी। कर्मो के आधार पर ही परिणाम प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि हमारे कर्म ही हमारा भविष्य तय करते हैं। जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में आज मुनि वीरभद्र (विराग) ज़ी ने कहा कि मरना किसी समस्या का हल नहीं है। समस्या तो जस की तस रहती है और व्यक्ति दुनिया छोड़ कर चला जाता है। उन्होंने कहा कि तत्व की संवेदनशीलता जब उधेड़ने लगती है तब व्यक्ति निराशा जनक सोच से घिर जाता है। इसीलिए व्यक्ति आत्महत्या करने जैसी बात सोचता है। मुनिश्री ने कहा कि जो कुछ भी होता वह अपने कर्मो की वजह से होता है।

मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि जिस दिन भीतर तत्व ज्ञान आ जाएगा, उस दिन से जीवन में घट रही सारी उथल-पुथल शांत हो जाएगी, फिर कोई परेशानी आपके जीवन में नहीं रहेगी। दुख,दुख नहीं रहेगा। दर्द,दर्द नहीं रहेगा। मन में शांति आ जाएगी। आखिरकार सब कुछ हमें यही छोड़ जाना है, फिर दुख किस बात का। हम वस्तुओं से मोह नहीं छोड़ पाए इसीलिए उसके जाने और आने पर दुखी और खुश हो जाते हैं। तत्वज्ञान आ जाए तो हमें किसी चीज का मोह नहीं रहेगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# चौपाटी में चला स्वच्छता अभियान,महापौर ने दिलाई शपथ

### मार्निंग वॉक एवं योगा क्लब के सदस्यों ने की उद्यान में साफसफाई



**राजनांदगांव 21 सितम्बर।** सेवा पखवाडा में नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में आम नागरिकों के अलावा विद्यार्थी एवं समाजिक संस्था स्व स्फूर्थ हो कर जुड रहे है और स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव को चरितार्थ करने स्वच्छता अभियान में सहभागी बन स्वच्छता अपनाने शपथ ले रहे है। इसी कडी में आज सुबह मार्निंग वॉक एवं योगा क्लब के पदाधिकारी व सदस्यो ने निगम द्वारा शहर के मध्य स्थित उद्यान पुष्पवाटिका एवं चौपाटी में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान से जुड उद्यान की साफ सफाई कर प्लास्टिक प्लागिंग किये, जहॉ महापौर श्री मधुसूदन यादव ने स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई। सेवा पखवाडा अंतर्गत प्रतिदिन चलने वाले स्वच्छता अभियान में निगम के अलावा नागरिक, समाजिक संस्था एवं विद्यार्थी स्व स्फूर्थ होकर अपनी सहभागिता निभा रहे है, और शहर के सार्वजनिक स्थलों में साफ सफाई कर स्वच्छता की शपथ लेकर लोगो को जागरूक कर रहे है। आज मार्निंग वॉक एवं योगा क्लब के पदाधिकारी व सदस्यो ने महापौर श्री यादव सहित निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू व राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखीजा तथा नागरिको के साथ उद्यान पुष्पवाटिका एवं चौपाटी में श्रम दान कर साफ सफाई कर प्लास्टिक प्लांगिंग किये।

# बच्चे को गुलेल से मारने की बात पर कर दी हत्या




**राजनांदगांव, 21 सितंबर।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन, श्रीमान अति.पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के निर्देशानुसार पुलिस चौकी तुमडीबोड के अपराध क्र. 434/2024 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस. में दिनांक 19.09.2025 को सुबह करीब 10:00 बजे जरिये मोबाईल से सुचना प्राप्त हुआ कि ग्राम दीवानभेडी ग्राम पंचायत भवन के पास घनश्याम साहू नाम के व्यक्ति का हत्या हो गया है, कि सुचना प्राप्त होने पर चौकी प्रभारी दिलीप पटेल के हमराह स्टाप सुचना तस्दीक हेतु तत्काल ग्राम दीवानभेडी पंचायत भवन पहुंचकर सुचना की तस्दीक किया गया, पंचायत भवन के पास घनश्याम साहू अचेत अवस्था में पाया गया, जिसे गांव के फुलसिंग साहू, राहुल यादव व अन्य लोग मेरे नाती को गुलैल मार रहे हो कहकर सभी मिलकर हाथ मुक्का से लात घुसा व डंडे से मारपीट करना बताये। मारपीट करने से घनश्याम के सिर में गंभिर चोट व हाथ के कोहनी, दोनो पैर, हाथ व शरीर में मारने से चोट आने के कारण उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किये जाने रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर अपराध पंजीबद्ध कर मौके का निरीक्षण किया गया, जिस पर प्रार्थी चंन्द्रशेखर साहू साहू ने पुलिस चौकी मेडीकल कॉलेज पेण्ड्री राजनादगांव में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 19.09.25 को मैं अपने घर बगदई थाना डोगरगांव में था, करीबन 10:00 बजे बजे प्रार्थी को दीवानभेडी के अशोक साहू व देवेन्द्र साहू द्वारा फोन कर बताया कि आपके भाई घनश्याम को गांव वाले मार रहे है, बताने पर डायल 112 को फोन किया घटना के बारे में बताया और तत्काल बगदई से दीवानभेडी आया और गांव वालो को पुछने पर गौतम साहू ने बताया कि आपका भाई ग्राम पंचायत के पास पडा है, बताने पर जाकर देखा घनश्याम वहा पर तडप रहा था, तब चन्द्रशेखर के द्वारा पानी पिलाने पर होश में आया और मृतक के भाई से पुछने पर घनश्याम ने बताया कि मैं गुलैल रखा था, जिसे गांव के फूलबाई साहू फुलसिंग साहू राहुल यादव व अन्य लोग मेरे नाती को गुलैल मार रहे हो कहकर सभी मिलकर हाथ मुक्का से लात घुसा व डंडे से मारपीट करना बताये। मारपीट करने से घनश्याम के सिर में गंभिर चोट व हाथ के कोहनी, दोनो पैर हाथ व शरीर में मारने से चोट आने के कारण उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किये जाने रिपोर्ट पर रिपोर्ट पर ही देहाती मर्ग एवं देहाती अपराध धारा 103(1), 3(5) बीएनएस. कायम कर असल नंबर मर्ग क्र. 83/25 धारा 194 बीएनएसएस. एवं अप.क्र. 434/25 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस. कायम किया गया। तथा मृतक घनश्याम साहू पिता स्व0 अंकालुराम साहू उम्र 34 वर्ष साकिन दीवानभेडी पुलिस चौकी तुमडीबोड़ के शव का पंचनामा कार्यवाही किया गया। बाद मृतक का मेडिकल कालेज अस्पताल राजनांदगांव से पी.एम. कराया गया पी.एम बाद मृतक के शव को परिजनों को सुपुर्द किया गया, दिनांक 20.09.25 को दीवानभेडी के दोनों आरोपियों 01. फूलबाई पति फूलसिंग साहू उम्र 65 वर्ष, 02.फूल सिंग साहू स्व कृपा राम साहू उम्र लगभग 70 वर्ष, 03.राहुल यादव पिता स्व0 मेघनाथ यादव उम्र 25 वर्ष साकिनान दीवानभेडी पुलिस चौकी तुमडीबोड़ थाना लालबाग जिला राजनादगांव, से मेमोरण्डम कथन लेख किया गया प्रकरण के तीनों आरोपियों फूलबाई साहू, फूलसिंग साहू व राहुल यादव के विरूद्ध अपराध सदर धारा का पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने पर आज दिनांक 20.09.2025 को गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# कॉलोनी में आने वाले बाहरी व्यक्तियों की सूची थाना में जमा कराने के निर्देश

### नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन ने शहर की विभिन्न सोसाइटी एवं कॉलोनी पदाधिकारियों की बैठक ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 21 सितंबर।** दिनांक 20.9.2025 को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित जन संवाद कक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन ने विभिन्न सोसाइटी एवं कॉलोनियों के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कॉलोनी स्तर पर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में वैशाली ने स्पष्ट किया कि कॉलोनी एवं सोसाइटी में बाहर से आने वाले व्यक्तियों की सूची संबंधित थाना में जमा की जानी चाहिए। साथ ही कॉलोनी परिसर में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे, रोशनी और रिकॉर्डिंग स्टोरेज की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त यह भी कहा गया कि जो परिवार लंबे समय तक घर खाली छोड़कर बाहर जाते हैं, उनकी जानकारी कॉलोनी अध्यक्ष के पास होना आवश्यक है। कॉलोनी क्षेत्र में किसी संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील भी की गई। इस बैठक में थाना प्रभारी बसंतपुर श्री एमन साहू, विभिन्न सोसाइटी एवं कॉलोनी के पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# जनता को फायदा मिलना चाहिए

सरकार कोई योजना बनाती है, जनता को कोई छूट देती है तो उसका कोई मतलब तब ही है जब उसका पूरा फायदा जनता को मिले। सरकार का पूरा प्रयास होना चाहिए कि जनता को छूट जरूर मिले। इसके लिए जरूरी है कि वह मानिटरिंग की व्यवस्था करे। फोन नंबर जारी करे कि जनता को यदि पर कोई दुकानदार छूट नहीं दे रहा है या कोई कंपनी छूट नहीं दे रही है तो जनता उसकी शिकायत कर सके और शिकायत पर कार्रवाई भी हो ताकि कोई भी कंपनी व दुकानदार जनता को छूट न देकर बच न सके। कंपनी व दुकानदार को यह समझा देने की जरूरत है कि यह छूट आपके लिए नहीं है, यह छूट जनता के लिए है, इसलिए आपको अनिवार्य रूप से यह छूट जनता को देनी ही है।सरकार ने जो व्यवस्था की है, उसका असर बाजार में दिखने लगा है। सरकार ने तय किया है कि जीएसटी छूट का फायदा आम लोगों को 22 सिंतबर से मिलेगा। इसके लिए उसने 54 वस्तुओं की सूची तैयार की है,यह सूची स्टेट व सेंट्रस जीएसटी को भेज दी गई है, सूची में इस बात को स्पष्ट किया गया है कि पहले किसी वस्तु की कीमत क्या थी और जीएसटी छूट के बाद उसकी कीमत क्या है ताकि लोगों को पता चल सके कि उन्हें छूट मिल रही है तो कितनी मिल रही है और वह वाजिब है या नहीं। यदि कोई दुकानदार या कंपनी यह छूट नहीं देती है तो उसका टैक्स क्रेडिट ब्लाक कर दिया जाएगा इससे दुकानदार व कंपनी को ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा।वैसे तो यह कंपनी का काम होना चाहिए कि वह ऐसी व्यवस्था करें कि दुकानदार आम लोगों को छूट अनिवार्य रूप से दे। अगर कंपनी ऐसा नहीं करती है तो उनका सोशल आडिट किया जाएगा। यानी सरकार ने आम लोगों को जीएसटी छूट का लाभ देने के लिए अपनी तरफ से पूरी व्यवस्था की है। सरकार चाहती है कि जीएसटी छूट का लाभ आम लोगों को पूरा मिले।कुछ कंपनियों ने यह काम अच्छा काम किया है कि उसने जीएसटी छूट के बाद अपनी वस्तुओं की सूची मीडिया में प्रकाशित कर दी यानी लोगों को मालूम हो गया है कि किस कंपनी की चीज उसको कितने में मिलनी है। इससे कोई दुकानदार उसे कंपनी की उस वस्तु की अधिक कीमत नहीं ले सकेगा।

## राशिफल

मेष आज के दिन आपकी लापरवाही आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी, वहीं आपकी किसी मित्र से कहासुनी भी होने की संभावना है। आपके अंदर अहम आने से आपके लड़ाई-झगड़े बढ़ेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से पछतावा होगा। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आज का दिन आपके कामों में भी गिरावट लेकर आएगा। आपकी कोई बड़ी डील फाइनल होते-होते लटक सकती है। पार्टनरशिप में आपको पार्टनर पर निगरानी बनाकर रखनी होगी।

वृषभ आज आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर पूरा ध्यान देंगे। कोई बड़ा लक्ष्य बनाकर चलना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपने काम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी समय निकालें। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें।

मिथुन आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहेगा, उन्हें किसी मनचाहे फल की प्राप्ति होगी और उनकी पद-प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। नौकरी में आपको प्रमोशन आदि मिलने की संभावना है, लेकिन आप अपने बॉस के द्वारा दी गई जिम्मेदारियों में लापरवाही बिल्कुल ना करें, क्योंकि आपको कुछ विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश अवश्य करेंगे। विद्यार्थियों का पठन-पाठन में खूब मन लगेगा और आप किसी समस्या को लेकर अपने अध्यापकों से भी बातचीत कर सकते हैं।

कर्क आज का दिन आपके लिए इनकम के पूर्ति के लिए रहेगा। धार्मिक कामों में आप आगे बढ़ेंगे और आप अपने शौक मौज की चीजों पर भी अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान देंगे। काम को लेकर यदि कुछ दिक्कत थी, तो वह भी दूर होगी, लेकिन आप अपने आलस को त्यागकर आगे बढ़ें। किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने से भागदौड़ बनी रहेगी।

सिंह आज आपको अपनी आय और व्यय में भी संतुलन बनाकर चलना होगा। आप किसी काम के प्रति लापरवाही बिल्कुल ना रखें। आपको सोच समझकर किसी काम को करना होगा। कारोबार में कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आप अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाही ना करें। यदि आपने किसी को धन दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आप अपने बिजनेस में भी कुछ धन लगाने की सोचेंगे। कोई बड़ा जोखिम लेना आपकी परेशानियों को बढ़ाएगा।

कन्या आज आपको अपने किसी सहयोगी से कार्यक्षेत्र में खरी खोटी सुनने को मिल सकती है। आप लोगों से काम से काम मतलब रखें। आपकी नेतृत्व क्षमता बेहतर रहेगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको अपनी आय को बढ़ाने पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने व्यवसाय में कुछ नहीं योजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, जिससे आपको खुशी होगी।

तुला आज आपको जिम्मेदारी से काम करना होगा और आप अपने विरोधियों से सतर्क रहें। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपसे वापस ले सकते हैं। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको किसी से कोई निर्णय सोच समझकर लेना होगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा, लेकिन किसी एक्सपर्ट की राय लेकर आगे बढ़ें।

वृश्चिक आज आपको किसी बात को लेकर तर्क-वितर्क में पड़ने से बचना होगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में चली आ रही बाधा दूर होगी। आपको अपने शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करना होगा। व्यवसाय कर रहे लोगों का काम प्रगति पर रहेगा। आप अपनी संतान को पढ़ाई-लिखाई के लिए कहीं बाहर भेज सकते हैं। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आपका कोई लेनदेन आपको टेंशन दे सकता है।

धनु आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। यदि आपको कोई काम को लेकर समस्या है, तो आप उसे थोड़ा शांत रहकर मिटाने की कोशिश करें। आपके जीवनसाथी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप अपने घर किसी नये इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। आपकी सामाजिक कामों के प्रति काफी रुचि रहेगी, जिससे आपकी छवि और निखरेगी।

मकर आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। नौकरी में लोगों से आपके संबंध बेहतर रहेंगे। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी सुनने को मिल सकती है। आपकी कुछ नये लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। परिवार में एकजुटता रहने से सभी सदस्य एक दूसरे के काम आएंगे। आप अपने घर और बाहर लोगों से तालमेल बनाकर रखें। आपके काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखना होगा। नौकरी में भी यदि आपको कोई समस्या है, तो आप अपनी बात अपने बॉस के सामने अवश्य रखें। आपको किसी दूसरे के मामले में पड़ने से बचना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको कोई पुराना लेनदेन आपके लिए सिरदर्द बन सकता है।

मीन आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है, क्योंकि आप क्रिएटिविटी से काम करके लोगों को हैरान करेंगे और आपको अपने किसी शत्रु की बातों में आने से बचना होगा। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आप अपने मन में किसी बात को लेकर परेशान रहेंगे, तो यह बात आपके परिवार के सदस्यों को बुरी लग सकती है। आपको किसी कानूनी मामले में जीत मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। भाई-बहनों से आपकी खूब पटेगी।

# मातृशक्ति के जीवनचक्र का प्रतिबिंब है नवरात्रि पर्व

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



नवरात्रि केवल देवी पूजा का पर्व ही नहीं है , बल्कि यह एक ऐसा समय है जब व्यक्तिगत जीवन में आने वाले परिवर्तनों को सकारात्मक रूप से अपनाने , व्यक्तिगत बाधाओं को दूर करने और एक बेहतर व्यक्ति बनने का दृढ़ निश्चय करता है , जिसे संकल्प कहा जाता है । नवरात्रि देवी मां के सम्मान में हमारे देश में मनाए जाने वाले सारे पर्वों में मुख्य पर्व माना जाता है । यह एक विशेष पर्व है जिसमें पारंपरिक पूजन , नृत्य व संगीत सभी शामिल रहते हैं । नवरात्रि का वास्तविक अर्थ है - हमारे जीवन के सभी तीन तत्वों को नौ दिनों तक विश्राम देना । नवरात्रि के पहले तीन दिन " तामसिक दिन " होते हैं । उसके बाद " राजसिक दिन " आते हैं और अंत के तीन दिन " सात्विक दिन " होते हैं । हर दिन का अपना विशेष महत्व होता है । पूरे नौ दिन यज्ञ, पूजा और होम किए जाते हैं । अग्नि को अर्पित की जाने वाली सामग्री में विभिन्न जड़ी - बूटी , फल , वस्त्र और मंत्र शामिल होते हैं , जो मुग्ध कर देने वाले तेजोमय दैवीय वातावरण का निर्माण करते हैं । नवरात्रि की शुरुआत सर्वप्रथम मन की अशुद्धियों को दूर करने के लिए मां दुर्गा के आव्हान के रूप में की जाती है । कहा जा सकता है कि पहला कदम - लालसा , द्वेष ,दंभ , लोभ आदि प्रवृत्तियों पर विजय पाना होता है । इसके पश्चात उत्कृष्ट मूल्यों व गुणों और समृद्धि को विकसित करने के लिए मां लक्ष्मी का आव्हान किया जाता है । अंत में आत्म के सर्वोच्च ज्ञान की प्राप्ति हेतु मां सरस्वती का आव्हान किया जाता है ।

नवरात्रि जैसे परम कल्याणकारी पर्व को मनाने का उद्देश्य जड़ता से प्रसन्नता की ओर , कामना से तृप्ति की ओर अग्रसर होना ही है । जिस प्रकार हम प्रतिदिन रात्रि के समय विश्राम करते हैं , ठीक उसी तरह भारतीय संस्कृति के अनुसार वर्ष में दो बार ध्यान साधना के द्वारा गहरे विश्राम में जाने और स्वयं का पुनर्नवीकरण करने की परंपरा है ध्यान दिया जाए तो मां दुर्गा की आरती के बाद हमेशा " अर्गला स्त्रोत " का पाठ या उसके कुछ श्लोक बोले जाते हैं । यह एक पंक्ति बार - बार आती है :-

" रूपम देहि , जयम देहि, यशो देहि द्विषो जहि"

अर्थात मां तुम मुझे रूप दो , जय दो , यश दो और मेरे काम , क्रोध आदि व्याधियों का नाश करो । इन्हीं स्त्रोतों में ऐसी पंक्तियां भी आती हैं जो पुरुष



द्वारा प्रार्थना के रूप में अच्छी पत्नी के लिए की जाती है :-

" पत्नी मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारणिम ।
तारिणीं दुर्ग संसार सागरस्य कुलोदभवाम् ।।"

अर्थात मन की इच्छा के अनुसार चलने वाली मनोहर पत्नी प्रदान करो जो दुर्गम संसार सागर से तारने वाली तथा उत्तम कल में उत्पन्नहई हो ।

नवरात्रि पर्व मां दुर्गा की अवधारणा , दिव्य शक्ति की भक्ति और आराधना का सबसे शुभ और अद्वितीय काल माना जाता है । नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित होते हैं । यह पूजा अपनी ऊर्जा और शक्ति द्वारा की जाती है । नवरात्रि के चौथेपचवेंप्रत्येक दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप को समर्पित हुआ करता है । नवरात्रि के चौथे ,पांचवें और छठवें दिन समृद्धि को समर्पित और शांति की देवी लक्ष्मी की पूजा लिए समर्पित होते हैं । मां लक्ष्मी की पूजा से व्यक्ति अहंकार, क्रोध , वासना और अन्य पशु प्रवृत्ति की बुरी चीजों से छुटकारा पाने का संकल्प लेता है । शक्ति और धन से परिपूर्ण होने के बावजूद मानव जीवन जीने के लिए ज्ञान आवश्यक है । यही कारण है कि नवरात्रि के पांचवे थें देवी सरस्वती की पूजा की जाती है । सातवें , आठवें और नवें दिन आध्यात्मिक ज्ञान के उद्देश्य से मां से प्रार्थना की जाती है । इसमें सबसे महत्वपूर्ण नवमी तिथि पर उन 9 लड़कियों की पूजा की जाती है , जो अभी तक अपनी युवावस्था में नही पहुंची है । ऐसा माना जाता है कि यही 9 लड़कियां मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक हैं । ह

%दू दर्शन में नवरात्रि कॉल को शक्ति संचय की दृष्टि से अति विशिष्ट माना जाता है । विशिष्ट साधना काल में साधक आदि शक्ति की उपासना के साथ नारी शक्ति की गरिमा को साकार रूप प्रदान करता है ।

भारतीय संस्कृति सदैव से नारी के सम्मान और सुरक्षा से पोस्ट रही है । हमारे पौराणिक एवं महाकाव्यात्मक ऐतिहासिक शास्त्रों में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं। नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परंपरा के सम्मान का प्रतीक मानी जाती है । यह केवल उपवास और व्रत का पर्व नहीं बल्कि नारी शक्ति एवं कन्याओं के सम्मान का भी महापर्व है । वास्तव में देखा जाए तो नवदुर्गा एक स्त्री के पूरे जीवन चक्र का प्रतिबिंब है ।हम जिन 9 स्वरूपों की पूजा करते हैं उन सभी का स्वरूप नारी के बाल स्वरूप से युवावस्था तक के पौराणिक कथानकों का चित्रण कहा जा सकता है । जन्म ग्रहण करती हुई कन्या को शैंलपुत्री के में पूजा जाता है । कौमार्य अवस्था ब्रह्मचारिणी का स्वरूप हुआ करता है । एक युवती विवाह से पूर्व तक चंद्रमा के समान निर्मल होने के कारण चंद्रघंटा का रूप ग्रहण करती है । जब वहीं युवती नए जीव को जन्म देने के लिए गर्भधारण करती है ,तो कुष्मांडा के रूप मे पूजी जाती है । संतान को जन्म देने के बाद वही स्त्री अब स्कंदमाता हो जाती है । संयम और साधना को धारण करने वाली स्त्री कात्यायनी रूप में दर्शन देती है । अपने संकल्प से पति की अकाल मृत्यु को भी जीत लेने से वही कालरात्रि रूप में पूजी जाती है ।संसार जिसे मां ,अपना कुटुंब मानती है, सभी पर उपकार करने से महागौरी का रूप प्राप्त करती है और धरती को छोड़कर स्वर्ग प्रयत्न करने से पहले संसार में अपनी संतान को सिद्धि का आशीर्वाद देने वाली मां सिद्धिदात्री कहलाती है । अतः हम कह सकते हैं कि प्रत्येक स्त्री अपने आप में कही ना कहीं मां जगदंबे का ही प्रतिबिंब है ।

प्रति नवरात्र मे मां का आगमन किस वाहन मैं हो रहा है , यह भी महत्व रखता है । इस बार मां सोमवार को प्रकट हो रही है , जो हाथी वाहन के साथ आने की सूचना दे रहा है । मां के प्रकटोत्सव को लेकर कहा जाता है:-

" शशि सूर्य ग़जारूढ़ा , शशि भौमें तूरंगमें।
गुरु शुक्रे च दोलायम बूधे नौका प्रकेीरतिता ।।
फ्लेंग़जे च जलदा देवी, छत्र भांग़ तूरंगमें ।नौकायाम
सर्वसिद्धिसयात दोलायम मरणम ध्रुवम ।।"

श्रीमद्देवी भागवत महापुराण के इस श्लोक के अनुसार मां दुर्गा का आगमन और प्रस्थान कि वाहन के साथ होगा इसका निर्धारण किया गया है । यदि नवरात्रि की प्रतिपदा सोमवार या रविवार को हो तो मन हाथी पर आरूढ होती है । शनिवार मंगलवार को घोड़े पर । गुरुवार या शुक्रवार को डोली और बुधवार को माता नौका पर सवार होकर आती हैं । हाथी पर सवार होकर आने से वर्षा अच्छी होती है , सुख समृद्धि बढती है ।

# क्या स्वरचित चक्रव्यूह में उलझ चुका इस्लामी जगत

तनवीर जाफ़री



क़तर की राजधानी दोहा में हमास नेतृत्व को निशाना बनाकर गत 9 सितंबर को किए गए इज़राइली हवाई हमले के बाद पूरी दुनिया आश्चर्यचकित है। सबसे अधिक आश्चर्य दुनिया को इस बात को लेकर है कि क़तर मध्य एशिया में अमेरिका का सबसे ख़ास सहयोगी देश है। क़तर के अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घनिष्टता का अंदाज़ा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अभी गत मई में ही क़तर के अमीर ने लगभग 400 मिलियन डालर अर्थात लगभग 3,300 करोड़ रुपये का एक ऐसा बोइंग 747-8 लग्ज़री हवाई जहाज़ राष्ट्रपति ट्रंप को भेंट किया जो अमेरिका के वर्तमान एयर फ़ोर्स वन विमान के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। क़तर अमेरिका का इतना ख़ास है कि आज विश्व का सबसे बड़ा अमेरिकी सैन्य अड्डा अल उदीद एयर बेस है जोकि क़तर की राजधानी दोहा से मात्र 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और यहाँ 11,000 से भी ज़्यादा अमेरिकी सैनिक हर समय तैनात रहते हैं। यहीं अमेरिका का केंद्रीय कमांड भी है जिसके द्वारा वह इस पूरे क्षेत्र में सैन्य अभियान संचालित करता है। इसके अतिरिक्त अन्य कई सैन्य अड्डे इराक़, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात व कुवैत में भी हैं। इस तरह 18 मुस्लिम बहुल देशों में छोटे बड़े व अलग अलग सैन्य संचालन सुविधाओं से युक्त कई अमेरिकी सैन्य अड्डे मौजूद हैं। इन देशों में अमेरिकी सैन्य बेस का अर्थ है कि उन देशों को अमेरिका ने सैन्य सुरक्षा प्रदान की हुई है। और प्रायः ऐसे अधिकांश देश अपनी आंतरिक सुरक्षा का ढांचा तो ज़रूर रखते हैं परन्तु उनके पास पेशेवर सेना या सैन्य साज़ो सामान नहीं होते। इसी लिए 9 सितंबर को क़तर पर हुये हमले के बाद यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि विश्व का सबसे बड़ा अमेरिकी सैन्य अड्डा अल उदीद एयर बेस दोहा में होने के बावजूद दोहा में ही इस्राईली सेना ने हवाई हमले का सहस कैसे किया ? क्या इस्राईल ने अमेरिका की कोई परवाह नहीं की ? या अमेरिका को इस हमले की पूर्व सूचना दे दी गयी थी ? अगर अमेरिका को इन हमलों का पता था तो उसने क़तर को समय पूर्व




सूचित क्यों नहीं किया ? और इन सबसे बड़ा सवाल यह कि यदि अमेरिकी एयर बेस होने के बावजूद अमेरिका क़तर की इसी तरह की सुरक्षा करेगा तो ऐसे सैन्य अड्डों का लाभ क्या ? और इसी से निकलता इस वक़्त का सबसे अहम सवाल कि तो क्या क़तर सहित अमेरिकी सुरक्षा पर आश्रित सभी देशों को अपना 'सुरक्षा गार्ड ' बदलने की ज़रुरत है ? या फिर इस्लामी जगत की एकजुटता और संयुक्त सैन्य आत्मनिर्भरता ही अकेला रास्ता है जो मुस्लिम जगत को अमेरिकी - इस्राईली शिकंजे से मुक्त करा सकता है ?

दरअसल 9 सितंबर को दोहा पर इस्राइली हमले के बाद गत 15 सितंबर को दोहा में अरब-इस्लामी शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसी शिखर सम्मेलन में मिस्र ने यह प्रस्ताव पेश किया कि नाटो की संयुक्त सेना की ही तर्ज़ पर इस्लामी देशों की एक ऐसी संयुक्त सेना यानी अरब यूनिफ़ाइड आर्मी का गठन किया जाये जिसमें सेना, वायुसेना और कमांडो इकाइयों का तालमेल, प्रशिक्षण और लॉजिस्टिक्स को एकीकृत किया जा सके। मिस्र के इस प्रस्ताव को ईरान, इराक़, सऊदी अरब, मोरक्को और अल्जीरिया जैसे देशों से समर्थन हासिल हुआ है। इस प्रस्तावित संयुक्त सेना का उद्देश्य यह है कि अगर किसी मुस्लिम देश पर हमला हो, तो सभी सदस्य मुस्लिम देश मिलकर जवाब दें। यह बल नौसेना, वायुसेना और ज़मीनी इकाइयों पर आधारित होगा, जिसमें कमांडो, आतंकवाद-रोधी और शांति रक्षा इकाइयां शामिल होंगी। इस तरह का प्रस्ताव कोई पहली बार नहीं आया है। बल्कि इससे पहले 2015 में भी मिस्र ही ऐसा प्रस्ताव ला चुका है परन्तु उसपर न कोई अमल हुआ न ही पुनर्विचार। परन्तु अब इस्राईल द्वारा ग़ज़ा में किया जा रहा जनसंहार, उसपर अमेरिका सहित पूरी दुनिया की ख़ामोशी और इसी ख़तरनाक ख़ामोशी की आड़ में इस्राईल द्वारा मध्य एशिया में अपने पांव पसारते हुये अपने ग्रेटर इस्राईल नापाक मंसूबों पर तेज़ी से आगे बढ़ने की योजना ने इस्लामी जगत को यह सोचने के लिये बाध्य कर दिया है कि यदि उन्होंने अपने को यथाशीघ्र एकजुट नहीं किया तो कहीं ऐसा न हो कि आने वाले समय में एक एक कर सभी मुस्लिम राष्ट्रों को अमेरिका इस्राईली की ऐसी ही साज़िश का शिकार होना पड़े ? दुनिया को इस चाल को भी समझने की ज़रुरत है कि पूरे विश्व में लोकतान्त्रिक व्यवस्था की वकालत करने वाले अमेरिका को इस्लामी जगत के शाहों,बादशाहों व प्रिंस के शासन से कोई आपत्ति नहीं होती। इस पूरे कुचक्र का कारण यह है कि यह पूरा मध्य एशिया क्षेत्र तेल सम्पन्न इलाक़ा है और अमेरिकी इन तेल संसाधनों पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना नियंत्रण रखना चाहता है। अपने इसी उद्देश्य के तहत वह इस क्षेत्र में शिया वर्चस्व का भय दिखाकर ईरान के साथ अन्य अरब देशों को एकजुट भी नहीं होने देता। परन्तु ईरान ने 1979 में हुई इस्लामी क्रांति के बाद तथा पहलवी शासन का अमेरिकी समर्थित राजतन्त्र उखाड़ फेंकने के बाद न केवल अपने तेल भंडारों को अमेरिकी गिद्ध दृष्टि से सुरक्षित किया बल्कि स्वयं को शिक्षा,विज्ञान,शोध व सैन्य यहाँ तक कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी इतना मज़बूत किया कि पिछले दिनों दुनिया भर में अपनी आक्रामकता दिखने वाले इस्राईल को ईरान के सामने घुटने टेकने पड़े। यहाँ तक कि अपने ऊपर हुये अमेरिकी हवाई हमले का बदला लेकर भी ईरान ने यह साबित कर दिया कि ईरान अन्य अमेरिकी पिछलग्गू अर्ब देशों से बिल्कुल भिन्न सोच व नीति रखने वाला लोकतान्त्रिक देश है। ईरान ने उन कठिन परिस्थितियों में स्वयं को इतना मज़बूत किया जबकि अमेरिका ने दशकों से ईरान पर अनेक प्रतिबंध लगा रखे हैं। ईरान ने यह साबित कर दिया है कि अमेरिकी चाटुकारिता या ख़ुशामद परस्ती नहीं बल्कि नेक नीयती, मानवता, शिक्षा,संस्कार,वैज्ञानिक शोध तथा इनसे आने वाली एकजुटता व आत्मनिर्भरता ही किसी भी देश को व उसके स्वाभिमान को बचा सकती है। अन्यथा क़तर की ही तरह अन्य आने वाले दिनों में अमेरिकी पिछलग्गुओं को भी ऐसे ही संकटों का सामना करना पड़ेगा। परस्पर विश्वास की कमी के साथ साथ वैसे भी दशकों से अमेरिकी पर आश्रित बना बैठा अधिकांश इस्लामी जगत स्वरचित चक्रव्यूह में ही इतना उलझ चुका है कि उससे निकल पाना आसान नज़र नहीं आता।

# अल्जाइमर के ये संकेत जिन्हें नजरअंदाज करना हो सकता है भारी

अल्जाइमर एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी है। इस बीमारी में व्यक्ति की याददाश्त, रोजमर्रा के काम और सोचने-समझने की क्षमता धीरे-धीरे प्रभावित होने लगती है। अल्जाइमर डिमेंशिया का सबसे आम प्रकार होता है। इसमें दिमाग की सेल्स धीरे-धीरे खराब होने लगते हैं। वहीं अगर समय रहते इस बीमारी को कंट्रोल नहीं किया जाता है, तो एक समय पर व्यक्ति की याददाश्त चली जाती है। यहां तक कि व्यक्ति को अपने दैनिक काम करने में भी समस्या हो सकती है। ADI के मुताबिक वर्तमान समय में दुनिया भर में करीब 55 मिलियन लोग डिमेंशिया से पीड़ित हैं, जिनमें से अधिकतर लोग अल्जाइमर से पीड़ित है। यहां तक कि साल 2030 तक यह संख्या 78 मिलियन और साल 2050 तक यह संख्या 139 मिलियन तक पहुंच सकती है। यह आंकड़े इस ओर संकेत करते हैं कि आने वाले समय में यह बीमारी एक वैश्विक संकट के रूप में उभर सकती है। आमतौर पर यह बीमारी बुजुर्गों में पाई जाती है। लेकिन कुछ मामलों में यह युवाओं पर भी असर डाल सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो अल्जाइमर का सबसे ज्यादा खतरा 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में होता है। लेकिन अन्य बीमारियों के कारण यह कम उम्र के लोगों को भी बीमारी हो सकती है। लगातार मानसिक तनाव, जेनेटिक बदलाव, हार्ट और ब्रेन की सेहत खराब होना भी इस बीमारी के खतरे को बढ़ाता है और इसके शुरूआती लक्षणों में परिचित जगहों पर रास्ता भटक जाना, चीजें बार-बार भूलना, सामान्य शब्द भूलना और एक ही सवाल बार-बार पूछना आदि शामिल है। वहीं समय पर इस बीमारी की पहचान न होने पर मरीज को तर्क करने, सामान्य बातचीत और निर्णय लेने में परेशानी होती है।

अल्जाइमर की गंभीर स्थिति में मरीज अपने दोस्तों और परिवारवालों को पहचानने की क्षमता को खो बैठता है। वहीं मूड में बदलाव, नींद की समस्या, डिप्रेशन और चिड़चिड़ापन भी इस बीमारी के संकेत हो सकते हैं। यह धीरे-धीरे बढ़ने वाली बीमारी है। यह बीमारी समय के साथ मरीज के रोजमर्रा के कामों को भी प्रभावित करती है। अंत में व्यक्ति को पूरी तरह दूसरों पर निर्भर होना पड़ता है।

### ऐसे रखें ध्यान

नियमित रूप से दिमाग को एक्टिव रखने वाली एक्टिविटीज करनी चाहिए।

रोजाना योग और एक्सरसाइज करना चाहिए।

हेल्दी डाइट लेनी चाहिए और ओमेगा 3 फैटी एसिड और सब्जियों का सेवन करना चाहिए।

ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल आदि की नियमित रूप से जांच कराते रहें।

धूम्रपान और शराब का सेवन नहीं करना चाहिए।

## सू- दोकू क्र.177

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.176 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## एक नजर

### इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र अंतर्गत ग्रामों का जबरन विस्थापन नहीं किया जाएगा

**बीजापुर 21 सितंबर।** इन्द्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में स्थित ग्रामों के स्वैच्छिक विस्थापन के संबंध में पूर्व में 21 ग्रामों का चयन किया गया था। इन ग्रामों के विस्थापन की प्रक्रिया केवल ग्रामवासियों की पूर्ण स्वेच्छा और ग्रामसभा के प्रस्ताव के आधार पर ही की जाएगी। ग्रामवासियों की सहमति सुनिश्चित करने तथा आवेदन प्राप्त करने हेतु 07 अगस्त -2024 को एक प्रेस विज्ञापन जारी किया गया था। यह स्पष्ट किया जाता है कि वर्तमान में इन ग्रामों के विस्थापन हेतु शासन स्तर पर कोई योजना प्रस्तावित नहीं है। इन्द्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन यह पुनः स्पष्ट करता है कि जब तक संबंधित ग्रामवासी स्वयं स्वेच्छा से विस्थापन हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं करते, तब तक शासन अथवा वन विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की जबरन विस्थापन की कार्रवाई नहीं की जाएगी। ग्रामवासियों के अधिकारों का सम्मान करते हुए, सभी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और उनकी सहमति से ही संचालित की जाएगी। उक्त जानकारी उप निदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व, बीजापुर द्वारा दी गई है।

### अग्रसेन जयंती पर महाराजा श्री अग्रसेन मार्ग का लोकार्पण 22 को

**रायपुर, 21 सितम्बर।** श्री अग्रसेन जनकल्याण समिति, रायपुर द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर इस वर्ष विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर महाराजा श्री अग्रसेन मार्ग का लोकार्पण 22 सितम्बर 2025 को अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल के द्वारा किया जाएगा। यह मार्ग अग्रसेन चौक से रामसागर पारा सिंधी स्कूल गली तक रहेगा। प्रातःकाल साढ़े 6 बजे हनुमान मंदिर चौबे कॉलोनी से भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है। दोपहर साढ़े 12 बजे महाराजा श्री अग्रसेन चौक पर भव्य शोभायात्रा के स्वागत कार्यक्रम के साथ महाराजा श्री अग्रसेन मार्ग का लोकार्पण सम्पन्न होगा। इस संबंध में भूतपूर्व अध्यक्ष आलोक अग्रवाल द्वारा जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह मार्ग सामाजिक एकजुटता, सेवा और जनकल्याण की भावना का प्रतीक होगा। इस कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारीगण क्रमशः विकास अग्रवाल (अध्यक्ष), आनंद अग्रवाल पार्षद (सचिव), बजरंग अग्रवाल (महामंत्री), मनोज अग्रवाल,अमित अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल उपाध्यक्ष प्रमुख रूप से शामिल रहें। समिति ने सभी प्रबुद्ध नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अग्रसेन जयंती पर महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को आत्मसात कर समाज सेवा और सहयोग की परंपरा को आगे बढ़ाएँ।

### संविदा के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 21 सितंबर।** कार्यालय जिला पंचायत द्वारा जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना के अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के संविदा के 10 विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत पात्र-अपात्र सूची जिले की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इस संबंध में दावा आपत्ति 30 सितंबर तक कार्यालयीन समय शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित किया गया है। विज्ञापित पदों लेखापाल/सहायक वर्ग-दो के 1 पद, शीघ्रलेखक के 1 पद, सहायक वर्ग-तीन के 4 पद, वाहन चालक के 1 पद, भृत्य के 2 पद एवं चौकीदार के 1 पद शामिल हैं।

### शिविर में स्वास्थ्य जांच श्रमिकों का पंजीयन

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 21 सितंबर।** रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु श्रमवीर स्वास्थ्य जांच सह पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन जनपद स्कूल अटल सभागार पेंड्रा में शनिवार को किया गया। शिविर में 97 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांच, 101 श्रमिकों का पंजीयन, 2 श्रमिकों का नवीनीकरण एवं 6 श्रमिकों का योजना आवेदन किया गया। क्षेत्र के श्रमिकों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रमिक कल्याण योजनाओं की जानकारी प्राप्त किया। श्रम पदाधिकारी बी एल ठाकुर ने शिविर में उपस्थित श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी दी।

# बीजापुर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत लोक कल्याण मेला प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 21 सितम्बर।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगर पालिका परिषद् बीजापुर में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक लोक कल्याण मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का उद्देश्य पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) को आत्मनिर्भर बनाने हेतु योजना की जानकारी देना एवं उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना है।

योजना में किए गए हालिया संशोधन के तहत ऋण की राशि में बढ़ोतरी की गई है: पहले चरण का ऋण 10,000 से बढ़ाकर 15,000 किया गया है। दूसरे चरण का ऋण 20,000 से बढ़ाकर 25,000 किया गया है। तीसरे चरण में 50,000 की ऋण राशि यथावत रखी गई है। साथ ही, तीसरे चरण के ऋण की पूरी अदायगी करने वाले हितग्राहियों को बैंक की ओर से 30,000 का रूपे क्रेडिट कार्ड प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जो पथ विक्रेता खाद्य सामग्री बेचते हैं और स्नस्स्फ्ढ़ लाइसेंस प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें लाइसेंस बनवाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। पूर्व में जिन हितग्राहियों के आवेदन बैंक द्वारा अस्वीकृत कर दिए गए थे, उन्हें पुनः समझाइश देकर आवेदन बैंक को पुनः भेजा जा रहा है, जिससे वे योजना का लाभ ले सकें। इस लोक कल्याण मेले के माध्यम से पीएम स्वनिधि योजना से जुड़े हितग्राहियों एवं उनके परिवारों को केंद्र सरकार की 8 प्रमुख योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम जनधन योजना, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, जननी सुरक्षा योजना, एक देश एक राशन कार्ड योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, BOCW (निर्माण श्रमिक) के तहत पंजीयन, इस मेले के माध्यम से हितग्राहियों को न केवल आर्थिक सहायता बल्कि सामाजिक सुरक्षा का भी लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए इच्छुक व्यक्ति नगर पालिका परिषद् बीजापुर के कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

## कलेक्टर ने किया खेत पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण



**राजनांदगांव 21 सितम्बर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने छुरिया विकासखंड के ग्राम महराजपुर पटवारी हल्का नंबर 15 खसरा नंबर 75/2 के खेत में पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का औचक निरीक्षण किया। जिले में फसल सर्वेक्षण को अधिक सटीक, सरल और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल तकनीक के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जा रहा है। कलेक्टर ने सर्वेयर द्वारा मोबाइल से खेत और फसल का फोटो खींचकर भू-अभिलेख पोर्टल में अपलोड करने तथा तहसीलदार की आईडी से अप्रूवल की प्रक्रिया की जानकारी ली।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सर्वेयरों को गंभीरता और त्रुटिरहित तरीके से कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की सतत निगरानी हो तथा आंकलन पूरी तरह गुणवत्ता पूर्ण और वास्तविक तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा। इस दौरान एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार श्री विजय कोठारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आदि कर्मयोगी अभियान स्वास्थ्य शिविर का 642 मरीजों ने उठाया लाभ

**कोरिया, 21 सितंबर।** छत्तीसगढ़ स्थापना वर्ष रजत जयंती के अवसर पर आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में स्वास्थ्य गुरुवार को पोड़ी बचरा बाजार में शिविर का आयोजन किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. एल्विना ग्रेस टोप्पो ने बताया कि आयोजित इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से कुल 642 मरीजों ने लाभ लिया।आयुर्वेद चिकित्सा से 469 मरीज, होम्योपैथी चिकित्सा से 85 मरीज, यूनानी चिकित्सा से 88 मरीज ने जांच कराया और दवाई भी प्राप्त की।

इस दौरान शिविर की प्रमुख गतिविधियाँ में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत महिलाओं को योगाभ्यास कराया गया। महिलाओं एवं किशोरियों का बी.पी., शुगर और एनीमिया परीक्षण किया गया। ऑस्टियो आर्थराइटिस और मस्कुलोस्केलेटन डिजीज, एनसीडी, सिकल सेल, मासिक धर्म स्वच्छता एवं पोषण आहार से संबंधित परामर्श दिया गया। इसके अलावा नशा मुक्ति अभियान और सुप्रजा कार्यक्रम पर जानकारी दी गई। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कुपोषण व योग-प्राणायाम पर आधारित पम्पलेट का वितरण किया गया।

जनसामान्य को आदि कर्मयोगी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बता दें जिले के चिन्हित 154 जनजाति बहुल ग्रामों में निवासी जनजाति परिवारों को शासन की करीब 25 योजनाओं से लाभ दिलाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरकारी शराब दुकानों में अच्छी शराब नहीं मिल रही

# सरकारी दुकानों में अच्छी व ब्रांडेड शराब की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरन्दुल, 21 सितंबर।** स्थानीय शराब प्रेमियों का कहना है कि शासन द्वारा संचालित दुकानों में अच्छी गुणवत्ता की शराब नहीं मिलने से वे मजबूरी में या तो घटिया शराब खरीदते हैं, या फिर अवैध दुकानों से नामी ब्रांड की शराब ऊंची कीमत चुकाकर खरीदते हैं।

ग्राहकों का यह भी आरोप है कि आबकारी विभाग को सब जानकारी होते हुए भी कोई कार्रवाई नहीं होती। लोगों का मानना है कि अवैध दुकानों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से यह व्यापार फल-फूल रहा है। शराब प्रेमियों ने यह भी शिकायत की कि सरकारी दुकानों में ऑनलाइन भुगतान की सुविधा नहीं है, जिससे पारदर्शिता की कमी और घोटाले की आशंका बनी रहती है।

नगरवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि– सरकारी भट्टियों में अच्छी और ब्रांडेड शराब की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। अवैध शराब कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई हो। ग्राहकों के स्वास्थ्य और हितों के साथ खिलवाड़ तुरंत बंद किया जाए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो यह मुद्दा बड़ा जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

## भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी नीति के कारण महंगी बिजली का दंश झेल रही जनता : सुशील

**जगदलपुर, 21 सितंबर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने प्रदेश में बढ़ी मंहगी बिजली दरों को लेकर भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी नीति के कारण प्रदेश की जनता मंहगी बिजली का दंश झेल रही है कुल मिलाकर भाजपा सरकार की प्रायोजित लुट है जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है..भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हाफयोजना बंद किये जाने का असर इस माह के बिजली बिल में साफ दिखने लगा है।इस माह लोगों को बिजली बिल दुगुना आया है,प्रदेश की जनता पहले से ही बढ़ती महंगाई से परेशान है ऊपर से साय सरकार की जनविरोधी योजना से अब जनता को महंगी बिजली खरीदकर भारी बोझ उठाना पड़ रहा है,छत्तीसगढ़ में सरप्लस बिजली होने के बावजूद प्रदेश की जनता को बिजली महंगी देना भाजपा सरकार का जनता के साथ सीधा अत्याचार है! शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 400 यूनिट तक की खपत पर हाफबिल योजना शुरू की थी। उस समय 400 यूनिट से अधिक खपत होने पर भी 400 यूनिट तक का आधा बिल ही आता था। लेकिन वर्तमान सरकार ने नियम बदल दिया है। अब केवल 100 यूनिट तक की खपत पर ही आधे बिल का लाभ दिया जा रहा है।

## नवरात्रि और मूर्ति विसर्जन को लेकर कलेक्टर ने जारी की गाइडलाइन

**अम्बिकापुर, 21 सितंबर।** शारदीय नवरात्रि पर्व एवं आगामी मूर्ति विसर्जन को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सरगुजा ने जिले में शांति, सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने हेतु विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। आदेश में आयोजन समितियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं नागरिकों को पालन करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिये गये हैं। सड़क पर पंडाल लगाकर मार्ग अवरुद्ध नहीं किया जायेगा। अस्पताल, विद्यालय, एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड के आवागमन में बाधा नहीं आनी चाहिए। पंडाल लगाने के लिए यातायात, पुलिस एवं नगर निगम से अनुमति आवश्यक होगी। पंडाल एवं आसपास सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाये जायेंगे। विसर्जन उपरांत 12 घंटे के भीतर पंडाल व स्ट्रक्चर हटाना होगा। पंडालों में डस्टबिन रखना, प्लास्टिक सामानों का उपयोग न करना और केवल पत्तों के दोना-पत्तल का प्रयोग करना होगा। प्रसाद वितरण के दौरान वाहनों को रोकना व सड़क पर गंदगी फैलाना प्रतिबंधित रहेगा। पंडाल के आसपास व्यवस्था हेतु वालंटियर्स नियुक्त कर उनकी सूचना पुलिस को देना अनिवार्य होगा।

## नगर में भाजपा मंडल ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाजसेवा की मिसाल पेश की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरंदुल, 21 सितंबर।** औद्योगिक नगर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किरंदुल मंडल ने सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर-2 अक्टूबर) के तहत पहली बार रक्तदान शिविर का सफल आयोजन कर समाजसेवा की मिसाल कायम की। यह आयोजन विधायक श्री चैतराम अटामी के मार्गदर्शन, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री संतोष गुप्ता के निर्देशन और जिला संयोजक श्री सत्यजीत चौहान व श्री मनीष सुराना के सहयोग से सम्पन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष श्री विजय सोढ़ी और नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा और सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और उत्साह ने इस शिविर को विशेष बनाया। कई पदाधिकारियों ने स्वयं रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया। भाजपा ने रक्तदान के जरिए यह संदेश दिया कि राजनीति सिर्फ सत्ता नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम भी है। इस आयोजन ने स्वास्थ्य जागरूकता और सहयोग की भावना को मजबूत किया। स्थानीय नागरिकों ने इसे सकारात्मक और प्रेरणादायी पहल बताया। भाजपा मंडल ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य नियमित होंगे। विधायक श्री अटामी और नगर पालिका अध्यक्षा रूबी शैलेन्द्र सिंह जैसे जनसेवक वास्तव में जनता के सच्चे हितैषी हैं, जिनके मार्गदर्शन में किरंदुल ने सामाजिक चेतना और सेवा का नया अध्याय लिखा है।

## पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि कॉलेज में शिक्षक दिवस मनाया



**राजनांदगांव, 21 सितंबर।** पं. किशोरी लाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, भाषण और खेल प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। यह दिन सभी के लिए वर्षों तक संजोकर रखने योग्य स्मृतियों से भरा रहा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. आर. एन. सिंह ने प्रेरणादायक भाषण देते हुए विद्यार्थियों के साथ एक प्रेरक प्रसंग भी साझा किया, जिसने सभी के हृदय को छू लिया। वहीं, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके योगदान ने इस कार्यक्रम को और भी सुंदर और आश्चर्यजनक बना दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों का सम्मान भी किया गया। सम्मानित प्राध्यापकों में डॉ. अल्का चव्हाण, श्री अतुल सोनी, श्री आदित्य श्रीवास्तव, श्रीमती प्रेरणा तिवारी, श्रीमती सोनाक्षी सिरवानी, सुश्री सुरभि अग्रवाल एवं सुश्री ओजस्विनी चव्हाण शामिल रहे। समारोह ने शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों की गरिमा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया और सभी के मन में गहरी छाप छोड़ी।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिसदा में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान




**बलौदाबाजार, 21 सितम्बर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिसदा एवं नुवोको सीमेंट संयंत्र के सयुंक्त तत्वाधान में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में मितानिन,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलाओ, ग्राम की महिलाओं, किशोरी बालिकाओं का स्वाथ्य एवं नेत्र परीक्षण किया जिसमें नेत्र दोष से पीड़ित महिलाओं एवं किशोरियों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। साथ ही उनकी सिकलिंग एवं हीमोग्लोबिन इत्यादि की जांच भी की गई। इस दौरान ज्ञानवर्धन के लिए माहवारी स्वच्छता, एनीमिया, मानसिक रोग, नशा इत्यादि से दूरी जैसे विषयों पर स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। ग्राम की उत्कृष्ठ कार्य करने वाली मितानिनों एवं वालेंटियर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही माहवारी स्वछता जागरूकता हेतु टोकन स्वरूप सभी महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण करते हुए ग्राम में जागरूकता हेतु रैली निकाली गई।सभी को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की शपथ दिलाई गई ताकि की शासन की मंशानुरूप एक स्वस्थ नारी एक सशक्त परिवार और समाज को गढ़ सके।

कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ.राजेश अवस्थी,बीएमओ डॉ नवदीप बांधे, डीपीएम सृष्टि मिश्रा,नुवोको सीमेंट संयंत्रके यूनिट हेड रविश, सीएसआर हेड चंद्रशेखर उपध्ये सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिसदा के समस्त स्टाफउपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

### प्राचार्य व लिपिक सहित एक दर्जन शिक्षकों को नोटिस जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 21 सितंबर।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.संजय गुहे ने शनिवार को बीईओ बलौदाबाजार राजेंद्र टंडन के साथ स्कूलों के औचक निरीक्षण पर निकले। निरीक्षण के दौरान कुछ स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक एवं लिपिक अनुपस्थित रहे तथा जो शिक्षक उपस्थित थे वे भी कर्तव्य पर लापरवाही बरतते मिले। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य व लिपिक सहित 12 शिक्षकों को नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।इसमें 2 प्राचार्य,7 व्याख्याता एवं 3 लिपिक शामिल हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी सबसे पहले विकासखण्ड बलौदाबाजार के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खटियापाटी पहुंचे।यहां सुबह 9 बजे तक केवल 4 व्याख्याता उपस्थित थे तथा 3 व्याख्याता व 1 सहायक ग्रेड 2 अनुपस्थित मिले जिनमे व्याख्याता एलबी शकुंतला ध्रुव, रविकुमार साहु, गजेन्द्र प्रसाद ध्रुव और सहायक ग्रेड 2 मनीषा विश्वास शामिल है।निरीक्षण के दौरान समय सारिणी अनुसार दूसरा कालखण्ड चल रहा था किन्तु छात्र-छात्राएं बाहर घुम रहे थे और सभी शिक्षक कार्यालय में बैठे पाये गये। इस पर प्राचार्य हेमराम ध्रुव,व्याख्याता एलबी भुनेश्वर प्रसाद पटेल,छत्रपाल सिंह वर्मा,दामिनी बेहरा,विजय लक्ष्मी पटेल को नोटिस जारी किया व्यक्ति है। इसके बाद शासकीय हाईस्कूल सुढ़ेला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रभारी प्राचार्य संतरू सिंह पैकरा बिना पूर्व सूचना के विगत 6 दिनों से अनुपस्थित पाये गये तथा इस माह में केवल 3 दिन शाला आने का प्रमाण मिला जबकि 2 दिन अवकाश तथा 6 दिन अन्य काम का बहाना कर शाला से गायब रहे। इसके साथ ही विगत दो दिन से सहायक ग्रेड 2 रजनी शर्मा एवं सहायक ग्रेड 3 दुर्गा देवी ध्रुव अनुपस्थित थे। शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला सुढ़ेला में मध्यान्ह भोजन कक्ष, भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया तथा रसोईयों को स्वच्छ व गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने के निर्देश दिये गये।लम्बे समय से अनुपस्थित शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किया जाएगा।

## कोठारी वन परिक्षेत्र के लाटादादर सर्किल में विद्यार्थियों ने की जल-जंगल यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 21 सितंबर।** वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र कोठारी के लाटादादर सर्किल में शुक्रवार को जल-जंगल यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वन परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवन लाल साहू एवं प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल सुश्री दीक्षा पाण्डेय द्वारा सम्पन्न कराया गया।

सेवा पर्व के अंतर्गत आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला पाडादाह तथा प्राथमिक शाला मुडपार के विद्यार्थियों को वनों के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को विभिन्न पेड़-पौधों की प्रजातियों की पहचान, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, जल संकट एवं प्लास्टिक प्रदूषण जैसी चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण की अहमियत पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

वृक्षारोपण एवं संवाद कार्यक्रम- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोसमसरा एवं शासकीय प्राथमिक शाला पोड़ी में वृक्षारोपण एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान सुनीत साहू एवं प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी सुश्री आस्था यादव के नेतृत्व में किया गया।इन दोनों ही स्थलों पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूह की महिलाएं और वन प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल हुए।

# मार्ग बंद कर देने से परेशान हैं पहाड़पारा के लोग, शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 सितम्बर।** शहर के वार्ड नंबर 48 के मालीडीपा पहाड़पारा में एक शासकीय कर्मचारी द्वारा आम रास्ता में खुद का गेट लगाकर मार्ग को बंद कर दिया है, जिसकी शिकायत के बाद निगम के कर्मचारी तो मौके पर पहुंचे, और रास्ता खोलने के निर्देश तो दिया, लेकिन अभी तक स्थिति जस तज की रहने के कारण अब लोगों में आक्रोश पनपने लगा है।

उल्लेखनीय है कि चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 48 स्थित मालीडीपा पहाड़पारा निवासी धनसिंह यादव, अभिषेक पांडेय, रघुनाथ यादव ने आरोप लगाया है कि उनके घर जाने के लिए पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर धमेंद्र त्रिपाठी के घर के बगल से पांच फीट का रास्ता लंबे समय से छुटा था, जिसमें सभी लोग उसी रास्ते से लंबे समय से आना-जाना करते थे, लेकिन विगत तीन माह से उक्त शासकीय कर्मचारी द्वारा उक्त मार्ग में दोनों तरफ से गेट लगाकर रास्ता को पूरी तरह से ब्लाक करते हुए उक्त मार्ग को अपने कब्जे में कर लिया है। इससे उसके घर के आसपास के करीब पांच-छह घर के लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है।



ऐसें पीड़ितों द्वारा विगत अगस्त माह में निगम आयुक्त, तहसीलदार, चक्रधरनगर थाना सहित अन्य जगहों में ज्ञापन देकर रास्ता खोलने की मांग किया था, लेकिन अभी तक उक्त रास्ता को नहीं खोला गया है। वहीं मोहल्लेवासियों का आरोप है कि शासकीय कर्मचारी अपनी पहुंच का धौंस दिखाते हुए यह बोलता है कि अब यह रास्ता हमारे कब्जे में है और इसे आम रास्ता के लिए नहीं खोला जाएगा। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मोहल्लेवासियों के लिए पूर्व में जमीन मालिक द्वारा पांच फिट का रास्ता छोड़ा गया था, जिससे लंबे समय से आना-जाना हो रहा था, लेकिन अब बंद होने से दिक्कत हो रही है।

**रघुनाथ यादव, स्थानीय निवासी**

शासकीय कर्मचारी द्वारा आम रास्ता में गेट लगाकर हमेशा के लिए बंद किए जाने से आने-जाने के लिए घुमकर आना पड़ता है, इससे दिक्कत होती है।

**मीरा यादव, स्थानीय निवासी**

आम रास्ता को खोलवाने के लिए निगम व तहसील आफिस में ज्ञापन दिया गया था, जिससे निगम के कर्मचारी भी पहुंचे थे, लेकिन जांच कर वापस लौट गए और कोई कार्रवाई नहीं हुई, इससे काफी दिक्कत हो रही है।

**अभिषेक पांडेय, स्थानीय निवासी**

उक्त मामले में ज्ञापन जारी हुआ है, सोमवार को पटवारी मामले की जांच में जाएंगे, और जो सही होगा उसके हिसाब से कार्रवाई किया जाएगा।

**शिव डनसेना, तहसीलदार, रायगढ़**

## सेटिंग का लग रहा आरोप

मोहल्लेवासियों ने आरोप लगाया है कि विगत दिनों निगम से दो कर्मचारी उक्त स्थल को देखने के लिए पहुंचे थे, जो वहां पर पंचनामा दर्ज करते हुए उक्त शासकीय कर्मचारी को 24 घंटे में गेट हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन बाद में पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर द्वारा आपसी बात कर गेट को नहीं हटाया गया, इससे मोहल्लेवासियों का कहना है कि आपसी सेटिंग के जरिए गेट नहीं खुलवाया गया, साथ ही कुछ दिनों तक जब गेट नहीं हटा तो मोहल्ले के लोगों ने निगम के कर्मचारी से बात किया तो उनका कहना था कि बगल के रास्ते से आना-जाना करों, यह गेट नहीं खुलेगा इसको लेकर लोगों में आक्रोश पनपने लगा है।

## एक नजर

### असम राइफल्स पर हमले में शहीद जवानों को सीएम साय ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**रायपुर, 21 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मणिपुर में असम राइफल्स पर हुए कायरतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। इस हमले में छत्तीसगढ़ के बस्तर के वीर सपूत राइफलमैन रंजीत कश्यप सहित दो जवानों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राष्ट्र शहीद जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को सदैव स्मरण रखेगा। उन्होंने शहीदों को कोटि-कोटि नमन करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस कठिन घड़ी में राज्य सरकार शोकसंतप्त परिवारों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वीर जवानों का यह त्याग हम सबको देश की रक्षा और एकता के मार्ग पर और अधिक दृढ़ संकल्पित करता है।

### सक्ती महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए किया गया जागरूक

**सक्ती, 21 सितंबर।** शासकीय क्रांति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सक्ती में 卐मतदाता जागरूकता कार्यक्रम卐आयोजित किया गया ।भारत निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग और कलेक्टर जिला सक्ती अमृत विकास टोपनो के आदेशानुसार महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उप जिला निर्वाचन अधिकारी सक्ती कावेरी मरकाम और जिला निर्वाचन कार्यालय से सहायक प्रोग्रामर श्रवण कुमार गभेल के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सक्ती कावेरी मरकाम ने बताया कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और जनता के द्वारा ही केंद्र ,राज्य और स्थानीय निकाय के सरकार चुने जाते है।इस प्रक्रिया में मतदाता एक महत्वपूर्ण कड़ी है जिसे निर्वाचन संबंधी सभी नियमों की जानकारी होनी चाहिए।उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि जिनका उम्र 18 वर्ष हो गया है वो एक निश्चित प्रक्रिया के द्वारा अपना मत का प्रयोग कर सकते है इसके उन्हें अपने गांव के बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क करना होगा और उनसे फॉर्म लेकर पूर्ण रूप से भरकर जमा करने पर उनका नाम उनके गांव के मतदाता सूची में जुड़ जाएगा। भरता निर्वाचन आयोग के वेबसाइट में भी ऑनलाइन आवेदन करके अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन दे सकते है साथ ही गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी अपना नाम जोड़ने का आवेदन दे सकते है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन मतदाता मतदान आदि संबंधी जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 और "Book a call with BLO" में संपर्क कर सकते हैं।

### एमएसएमई के बाजार विस्तार के लिए 23 को एक दिवसीय कार्यशाला

**अम्बिकापुर, 21 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन की रेंजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएएमपी) योजना के अंतर्गत सरगुजा जिले में ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग द्वारा एमएसएमई के लिए बाजार विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला 23 सितम्बर 2025 को अपरान्ह 2 बजे होटल सिग्नेचर इन, न्यू बस स्टैंड अंबिकापुर में आयोजित होगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सरगुजा द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), महिला उद्यमियों, स्वसहायता समूह (एसएचजी) सदस्यों, हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण और वनोपज आधारित उद्यमों से जुड़े कारीगरों एवं उत्पादकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित करना है। अधिकारियों ने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से उत्पादों का पंजीयन एवं ऑनलाईन बिक्री की प्रक्रिया, डिजिटल मार्केटिंग तकनीक, नेटवर्किंग अवसर, उत्पादों की दृश्यता बढ़ाने के उपाय तथा लॉजिस्टिक्स समर्थन की जानकारी दी जाएगी। यह कार्यशाला निशुल्क है तथा इसमें जिले के सभी इच्छुक उद्यमी, महिला उद्यमी, स्वसहायता समूह की सदस्याएं एवं ऑनलाइन विक्रय के इच्छुक कारीगर भाग ले सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सरगुजा, अंबिकापुर से संपर्क किया जा सकता है।

### गुरु तेगबहादुर सिंह की 350वीं शहादत शताब्दी पर नगर कीर्तन यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# गुरु तेगबहादुर सिंह ने देश और धर्म की रक्षा के लिए दी शहादत : सीएम विष्णुदेव

**रायपुर, 21 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के सेरीखेड़ी में गुरु तेगबहादुर सिंह की 350वीं शहादत शताब्दी के अवसर पर आयोजित नगर कीर्तन यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गुरु तेगबहादुर सिंह ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यह हमारा सौभाग्य है कि आज छत्तीसगढ़ की धरती पर आयोजित कीर्तन यात्रा का दर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी की अगुवाई कर रहे पंच प्यारों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को पवित्र सिरोपा और कृपाण भेंट की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए बड़े सौभाग्य और गर्व का विषय है। आज हम नगर कीर्तन यात्रा के दर्शन कर रहे हैं, जो गुरु तेगबहादुर की 350वीं शहादत शताब्दी के अवसर पर असम के गुरुद्वारा धुबरी साहिब से प्रारंभ होकर देश के अनेक स्थानों से होते हुए छत्तीसगढ़ पहुँची है। लगभग 10 हजार किलोमीटर की यात्रा तय कर यह नगर कीर्तन यहां पहुँचा है। हमारे प्रदेशवासियों के लिए यह ऐतिहासिक क्षण और पुण्य अवसर है कि हमें इस यात्रा का स्वागत करने और इसमें भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गुरु तेगबहादुर की शहादत के बारे में हम सभी भलीभांति जानते हैं। वे मुगलों के सामने कभी नहीं झुके और अपने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। आज भी दिल्ली के चांदनी चौक स्थित गुरुद्वारा शीशगंज साहिब गुरु तेगबहादुर की शहादत का अमर प्रतीक है। हम गुरु तेगबहादुर को नमन करते हैं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों की शहादत भी अद्वितीय है। साहिबजादों ने मुगलों के सामने झुकने के बजाय धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहिबजादों की इस वीरता को नमन करते हुए हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी वीर बाल दिवस को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है।

इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कांवड़िया, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना, बलदेव सिंह भाटिया, गुरचरण होरा, गुरुद्वारा कमेटियों के प्रमुखजन सहित बड़ी संख्या में सिख धर्म के अनुयायी एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

# महापौर, सभापति व आयुक्त ने दिया स्वच्छता का संदेश

## स्वच्छता सेवा पखवाड़ा पर निकाली बाइक रैली




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 सितम्बर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत निगम प्रशासन द्वारा बुधवार को बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित, एमआईसी सदस्यगण, पार्षद एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने शहरवासियों को शहर को स्वच्छ रखने संदेश देते हुए लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शहर को स्वच्छ रखने और निगम क्षेत्र के निवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 17 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों की रैली निकाल कर किया गया। इसी कड़ी में शुक्रवार को बाइक रैली निकाली गई, जिसमें महापौर चौहान ने स्वयं बाइक चलाई और उनके पीछे बैठे सभापति साहू ने हाथ में स्वच्छ रहेगा रायगढ़, तो समृद्ध रहेगा रायगढ़ नारा की तख्ती लेकर शहरवासियों को शहर को स्वच्छ रखने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। स्वच्छता रथ और स्वच्छता प्रतीक अप्पू राजा के साथ 35 से ज्यादा बाइक में सवार होकर रैली शाम 4:30 बजे से शहीद चौक से शुरू हुई, जो चांदनी चौक, गांजा चौक, गद्दी चौक, घड़ी चौक, जयसिंह तालाब से अंश होटल होते हुए संत माइकल स्कूल, संजय मैदान, राजीव नगर गली नंबर 1, कोतरा रोड होते हुए सत्तीगुड़ी चौक से बेटी बचाओ चौक, सुभाष चौक से वापस नगर निगम कार्यालय पहुंचकर खत्म हुई। करीब डेढ़ घंटा चली इस रैली में शहर के मुख्य सड़क सहित विभिन्न गली-मोहल्लों के 20 किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय किया गया।

### चक्रपथ सड़क, मयूर झरना परिसर की हुई सफाई

स्वच्छता ही सेवा पकवाड़ा अंतर्गत सुबह के समय श्रमदान से शहर के विभिन्न स्पॉट की सफाई भी की जा रही है। शुक्रवार की सुबह चक्रपथ मयूर झरना परिसर की सफाई की गई। इस दौरान परिसर में जमे कचरा, कूड़ा, करकट को निकाला गया। इसी तरह मयूर झरना के नीचे बने पानी टैंक की भी सफाई की गई। यहां नाली में जमे कचरा, खाली पानी बोतल, डिस्पोजल ग्लास, सिंगल यूज प्लास्टिक आदि को भी निकाला गया।

## सीसरिंगा से महलंग सहसपुर मार्ग के लिए 6.91 करोड़ रुपये की मंजूरी

**रायपुर, 21 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है कि जशपुर जिले को एक और बड़ा तोहफा मिला है। राज्य सरकार ने सीसरिंगा से महलंग होकर सहसपुर तक 6.5 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 91 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। बरसात में कीचड़ भरे रास्ते और गर्मियों में धूल से परेशान ग्रामीणों को अब सुविधा और सुरक्षित परिवहन की सौगात मिलेगी। स्कूली बच्चों, मरीजों और किसानों को होने वाली समस्याएं काफी हद तक समाप्त हो जाएंगी। नई सड़क के बनने से क्षेत्र में सुगम आवागमन एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। किसानों की फसलें और ग्रामीण उत्पाद अब तेजी से बाजार तक पहुंच पाएंगे। इसके साथ ही व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। राज्य शासन के द्वारा दी गई इस स्वीकृति से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में खुशी की लहर है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस सड़क से विकास की गति तेज होगी और जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा।



# अडानी पावर पर अवैध कब्जे का आरोप

## ग्रामीणों ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 सितम्बर।** ग्राम बड़े भंडार, तहसील पुसौर में अडानी पावर लिमिटेड पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने का गंभीर आरोप लगा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर रायगढ़ को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि 28 फरवरी 2024 को राजस्व अधिकारियों द्वारा किए गए सीमांकन के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि कंपनी ने तालाब, नहर और अन्य सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण कर लिया है। इसमें खसरा नंबर 54/4 (0.045 हेक्टेयर), खसरा नंबर 2ध्1 (0.227 हेक्टेयर) समेत कई हिस्से शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने सडक़ और नहर मार्ग को भी बाधित किया है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है। इसके अलावा कंपनी द्वारा सीमांकन रिपोर्ट के बावजूद अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि तत्काल कंपनी का अवैध कब्जा हटाया जाए। सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर भूमि को मुक्त कराया जाए। दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाए। मामला कलेक्टर रायगढ़ के संज्ञान में है,ग्रामीणों ने चेतावनी दी है,कि यदि जल्द ही कब्जा नहीं हटाया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।




# प्रदेश में अब तक 1033.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर, 21 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 1033.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1472.0 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 494.6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 901.2 मि.मी., बलौदाबाजार में 752.7 मि.मी., गरियाबंद में 905.5 मि.मी., महासमुंद में 734.3 मि.मी. और धमतरी में 933.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 1083.9 मि.मी., मुंगेली में 1047.9 मि.मी., रायगढ़ में 1257.7 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 907.6 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1234.0 मि.मी., सक्ती में 1125.7 मि.मी., कोरबा में 1053.5 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 1004.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 796.1 मि.मी., कबीरधाम में 751.5 मि.मी., राजनांदगांव में 870.7 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1242.8 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 753.6 मि.मी. और बालोद में 1080.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।



सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 734.9 मि.मी., सूरजपुर में 1100.1 मि.मी जशपुर में 1012.6 मि.मी., कोरिया में 1168.2 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1052.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 1407.8 कोंडागांव जिले में 955.3 मि.मी., कांकेर में 1149.3 मि.मी., नारायणपुर में 1239.6 मि.मी., दंतेवाड़ा में 1381.0 मि.मी., सुकमा में 1088.9 मि.मी. और बीजापुर में 1415.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

# अमृत सरोवर से अकलासरई के ग्रामीण हुए आत्मनिर्भर

**रायपुर, 21 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ सरकार आज ग्रामीण विकास और जनकल्याण की दिशा में नई इबारत लिख रही है। इसी कड़ी में कोरिया जिले का अकलासरई गाँव मिशन अमृत सरोवर योजना के तहत आज प्रगति और आत्मनिर्भरता की अनूठी मिसाल बनकर उभरा है। कोरिया जिले का छोटा-सा अकलासरई गाँव अब राष्ट्रीय स्तर पर ग्रामीण सफलता की मिसाल बनता जा रहा है। जहाँ कभी खेत सूख जाते थे और तालाब गर्मी आते-आते खाली हो जाता था, आज वही तालाब गाँव की खुशहाली और आत्मनिर्भरता का नया आधार बन चुका है।



ग्राम पंचायत अकलासरई का पुराना बंधवागढ़ा तालाब वर्षों से गाद से भरकर बेकार हो चुका था। न तो सिंचाई हो पाती थी और न निस्तार के लिए पानी बचता था। मनरेगा योजना से लगभग 10 लाख रुपये खर्च कर तालाब का जीर्णोद्धार और गहरीकरण किया गया, जिससे अब तालाब में पानी ठहर रहा है। किसानों का कहना है कि अब एक ही तालाब ने उनकी फसलों की किस्मत बदल दी। पहले केवल खरीफ की बोवाई होती थी, अब रबी की फसल भी बोई जा रही है। लगभग 15 एकड़ से अधिक खेत इस तालाब से सिंचित हो रहे हैं। किसान कुलदीप ने बताया कि अब सूखे खेतों की जगह हरियाली दिखती है और खेती से आमदनी दोगुनी हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की प्राथमिकता हमेशा से महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर रही है। गाँव की महिलाओं के लिए भी यह तालाब वरदान साबित हुआ है। तालाब को माँ नर्मदा स्व-सहायता समूह को मछली पालन के लिए लीज पर दिया गया। समूह की अध्यक्ष बसंती देवी बताती हैं कि पिछले साल उन्होंने 45 हज़ार रुपये की कमाई की और इस साल 5 से 8 क्विंटल मछली मिलने की उम्मीद है। आज यही आमदनी महिलाओं को बच्चों की शिक्षा, घर-परिवार और अपने सपनों को पूरा करने की शक्ति दे रही है।

### बगीचा में आधुनिक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण प्रारंभ, तेजी से सुविधाएं की जा रही है विकसित

# मुख्यमंत्री के प्रयासों से जशपुर बन रहा खेलों का नया केंद्र

**जशपुर, 21 सितंबर।** दो करोड़ 83 लाख रूपए की लागत के बगीचा में स्वीकृत हुए आधुनिक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। इस स्टेडियम में वुडन फ्लोरिंग युक्त दो बैडमिंटन कोर्ट होंगे। साथ ही खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग रूम, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएँ भी विकसित की जाएँगी। क्षेत्रवासियों और खिलाड़ियों ने इस पहल पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है। उनका कहना है कि अब उन्हें बड़े शहरों जैसी खेल सुविधाएँ अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी, जिससे बेहतर खिलाड़ी उभर के सामने आएंगे।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में खेल प्रतिभाओं को पहचान और उन्हे बेहतर अवसर दिलाने की दिशा में प्रदेश सरकार दूरदर्शी सोच के साथ निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी चमक बिखेरें और देश व राज्य का नाम रौशन करें। मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर ही खेल मैदानों और आवश्यक अधोसंरचनाओं के निर्माण की लगातार स्वीकृति दी जा रही है। साथ ही निर्माण भी कार्य सतत् रूप से जारी है।

आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से तीरंदाजी, ताईक्वांडो, तैराकी, एथेलेटिक्स और हॉकी में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री साय ने जिले को खेल की दुनिया में एक अलग पहचान दिलाने दृढ़संकल्पित है। उनके प्रयास स्वरूप सन्ना में आधुनिक सुविधाओं से लैस तीरंदाजी अकादमी और कुनकुरी में अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्वीकृति मिली है। रणजीता स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ ग्रास और एलईडी डिस्प्ले लगाने की घोषणा की गई है। जिला मुख्यालय जशपुर में एस्ट्रो टर्फ हाकी मैदान के पास बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य जारी है। इसके साथ ही मयाली में एडवेंचर स्पोर्ट्स संचालित है।

### खिलाड़ियों, नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों का कहना है कि मुख्यमंत्री साय ने हमेशा खेलों को समाज और युवाओं के विकास का माध्यम माना है। उनकी प्राथमिकताओं में खेल सुविधाओं का विस्तार और ग्रामीण अंचलों तक खेल अधोसंरचना उपलब्ध कराना शामिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जशपुर के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए और अधिक तैयार हो पाएंगे। यह पहल जिले में खेल संस्कृति को नई पहचान दिलाएगी और आने वाली पीढ़ियों को खेलों के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करेगी।

# किसानों को बताया जा रहा खेतों में नैनो यूरिया के छिड़काव का तरीका

**रायपुर, 21 सितम्बर।** नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। किसानों के बीच इनके इस्तेमाल को बढ़ाने के लिए जागरूकता शिविर, वेबिनार, क्षेत्रीय प्रदर्शन, किसान सम्मेलन और क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्में बनाई जा रही हैं । नैनो यूरिया के पत्तियों पर छिड़काव को आसान बनाने के लिए किसान ड्रोन, बैटरी चालित स्प्रेयर जैसे नए उपकरण भी किसानों तक पहुंचाए जा रहे हैं। ग्राम स्तर के उद्यमियों को प्रशिक्षण देकर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कस्टम हायरिंग छिड़काव सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को उन्नत और किफायती उर्वरक तकनीक से जोड़ने के लिए जिले में नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन कृषि विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों द्वारा किसानों के खेत में पहुंचकर किया जा रहा है। कलेक्टर और कृषि विभाग रायगढ़ के मार्गदर्शन में किसानों के लिए यह जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत विकासखंड रायगढ़ में किसानों के खेतों में ट्रायल के रूप में नैनो यूरिया का प्रदर्शन किया गया। ग्राम कोड़तराई में कृषक श्री परमेश्वर पटेल, झारगुड़ा में कृषक श्री हरकेश्वर पटेल तथा पंझर में कृषक श्री नरेन्द्र पटेल के धान की फसल पर एक-एक एकड़ भूमि में नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया गया।

एक नजर

## वैभव ने ऑस्ट्रेलिया में दिखाया दम



**नई दिल्ली, 21 सितंबर।** भारतीय 19 टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है। 21 सितंबर से ODI सीरीज का आगाज हुआ। ब्रिसबेन के इयान हीली ओवल में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान ऑस्ट्रेलियन टीम को 9 विकेट पर 225 के स्कोर पर रोक दिया। भारतीय गेंदबाजों में हेनिल पटेल ने कमाल किया। उन्होंने 3 विकेट चटकाए। वहीं, किशन कुमार और कनिष्क चौहान ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। आरएस अंबरीश के हाथ एक सफलता लगी। ऑस्ट्रेलिया के स्कोर का पीछा करने उतरी वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे की जोड़ी ने भारतीय पारी का आगाज ताबड़तोड़ अंदाज में किया। वैभव और कप्तान ने ऑस्ट्रेलियन गेंदबाजों की जमकर खबर ली। दोनों ने मिलकर महज 4 ओवर में ही 45 रन स्कोरबोर्ड पर टांग दिए। वैभव सूर्यवंशी ने तीसरे ओवर में 3 शानदार चौके जड़े। इसके बाद चौथे ओवर में 1 छक्के सहित बैक टू बैक तीन बाउंड्री जड़ते हुए ऑस्ट्रेलियन खेमें में दहशत मचा दी। 4 ओवर की समाप्ति तक वैभव ने महज 22 गेंदों पर 38 रन अपने खाते में कर लिए थे।

# एशिया कप में आज फिर भारत-पाकिस्तान मुकाबला

## प्लेइंग-11 से बाहर होंगे शुभमन गिल?

**दुबई, 21 सितंबर।** एशिया कप में जीत की हैट्रिक बना चुकी भारतीय टीम आज सुपर-4 राउंड में पहला मुकाबला खेलने उतरेगी। सामने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान है। ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को एकतरफा अंदाज में 7 विकेट से हराया था। मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रात 8 बजे से खेला जाएगा। टॉस शाम 7:30 पर होगा।

भारत-पाकिस्तान पिछले मैच में नो हैंडशेक कंट्रोवर्सी हुई थी। पहलगाम हमले के विरोध में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। इसके बाद पाकिस्तान ने टीम इंडिया की शिकायत मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट से की। मैच रेफरी ने कोई एक्शन नहीं लिया तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड शिकायत लेकर ICC के पास पहुंच गया।

PCB की मांग थी कि पाइक्रॉफ्ट को टूर्नामेंट से बाहर किया जाए। ऐसा नहीं होता है तो



उन्हें कम से कम पाकिस्तान के मैचों से बाहर रखा जाए। ICC ने PCB की दोनों बातें नहीं मानीं। आज के मैच में भी एंडी पाइक्रॉफ्ट ही रेफरी होंगे। पाकिस्तान ने इसके विरोध में कल अपना प्री मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस भी रद्द कर दिया था।

भारत ने टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक बनाई है। इसके बावजूद टीम में कुछ ईश्यू उभरे हैं। तीन मैचों के बाद भी भारत का कोई बल्लेबाज टूर्नामेंट में 100 रन पूरे नहीं कर पाया है। ओपनर अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा 99 रन बनाए हैं। दूसरे ओपनर शुभमन गिल 3 मैचों में सिर्फ 35 रन बना पाए हैं। गिल को संजू सैमसन की जगह ओपनिंग दी गई है। सैमसन ने 1 पारी में ही बल्लेबाजी की और 56 रन बनाकर गिल से आगे निकल गए।

देखना होगा कि टीम मैनेजमेंट गिल को एक बार फिर मौका देता है या संजू को उनकी पुरानी जगह वापस सौंपता है। गिल इस टूर्नामेंट के लिए उपकप्तान बनाए गए हैं। मुमकिन है कि 'पद की गरिमा' का ख्याल रखते हुए गिल को एक मौका फिर दिया जाए।

ओमान के खिलाफ भारत ने उन बल्लेबाजों को प्रैक्टिस कराया जो ,श्व और पाकिस्तान के खिलाफ क्रीज पर ज्यादा समय नहीं बिता पाए थे। इसलिए तब संजू नंबर तीन पर खेले थे और सूर्या बैटिंग के लिए उतरे ही नहीं। इस मैच में ऐसा कोई एक्सपेरिमेंट नहीं होगा। अगर गिल और अभिषेक ओपनिंग करेंगे तो फिर नंबर-3 पर कप्तान सूर्या और नंबर-4 पर तिलक वर्मा उतरेंगे। इसके बाद सिचुएशन के मुताबिक हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन और शिवम दुबे को उतारा जाएगा।

अभी लेफ्ट आर्म स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर अक्षर पटेल का खेल पाना सवालों में है। अक्षर को पिछले मैच में चोट लगी थी। अगर वे नहीं खेलते हैं तो उनकी जगह तेज गेंदबाज हर्षित राणा या अर्शदीप सिंह को मौका मिल सकता है। ऐसे में तीसरे स्पिनर का रोल अभिषेक शर्मा या तिलक वर्मा को निभाना पड़ सकता है। वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह की प्लेइंग-11 में वापसी होगी। इन दोनों को ओमान के खिलाफ मुकाबले में आराम दिया गया था।

**भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11 कुछ इस तरह हो सकती है**

अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, संजू सैमसन, अक्षर पटेल/हर्षित राणा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह।

यह मैच पाकिस्तान टीम की साख, क्वालिटी और स्किल का एसिड टेस्ट होने वाला है। भारत के खिलाफ पिछले मुकाबले में पाकिस्तान पहली से लेकर आखिरी बॉल तक भारत के सामने बिल्कुल नहीं टिक पाया।

अगर पाकिस्तान इस मुकाबले में भी भारत को टक्कर नहीं दे पाता है तो क्रिकेट जगत में उसकी किरकिरी बढ़ जाएगी। पिछले मैच में हुए नो हैंडसेक कंट्रोवर्सी का असर भी पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर ज्यादा नजर आ रहा है। टीम मीडिया से बचती फिर रही है।

## मिथुन मन्हास बीसीसीआई अध्यक्ष बनने की दौड़ में आगे

### 28 सितंबर को आधिकारिक ऐलान

**नई दिल्ली, 21 सितंबर।** मिथुन मन्हास भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे है। दिल्ली में शनिवार को एक केंद्रीय मंत्री के घर हुई मीटिंग में बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। इसमें सभी ने मिथुन के नाम पर सहमति जताई। हालांकि, अधिकारिक घोषणा 28 सितंबर को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के बाद ही होगी। मिथुन मन्हास ने रविवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई ) के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। यह नामांकन मुंबई में BCCI मुख्यालय में दाखिल किया गया। नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख रविवार दोपहर तक थी।

मिथुन मन्हास के अलावा बीसीसीआई के अन्य प्रमुख पदों के लिए भी नामांकन दाखिल किए गए हैं। सचिव देवजीत सैकिया, गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष अरुण धूमल और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अध्यक्ष व पूर्व भारतीय क्रिकेटर रघुराम भट्ट ने भी अपने-अपने पदों के लिए नामांकन दाखिल किया है। रघुराम भट्ट को BCCI का नया कोषाध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मीडिया से बात करते हुए कहा, कि नई कार्यकारिणी के लिए



तैयारी चल रही है। मिथुन मन्हास को अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया है। अरुण धूमल बीसीसीआई गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष हैं और वे अपने पद पर बने रहेंगे।

2019 में बीसीसीआई के संविधान में संशोधन के बाद, आमतौर पर इस तरह के नामांकन बिना किसी विरोध के स्वीकार हो जाते हैं। बीसीसीआई का मानना है कि बोर्ड का नेतृत्व किसी क्रिकेटर को करना चाहिए। इससे पहले सौरव गांगुली और रोजर बिन्नी बीसीसीआई के अध्यक्ष रह चुके हैं।

मिथुन मन्हास BCCI के पहले ऐसे अध्यक्ष होंगे, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला। मिथुन मन्हास कभी भी टीम इंडिया के लिए नहीं खेले। वे BCCI के पहले ऐसे अध्यक्ष होंगे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला। हालांकि, उनके पास 157 फर्स्ट क्लास मैचों का अनुभव है।

## रविचंद्रन अश्विन ने अब पाकिस्तान को लिया आड़े हाथ

### कहा- एंडी पाइक्रॉफ्ट को बलि का बकरा ना बनाएं

**दुबई, 21 सितंबर।** भारत और पाकिस्तान के बीच 21 सितंबर को खेले जाने वाले सुपर-4 मैच पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं, जिसमें खेल से ज्यादा इस बात को लेकर चर्चा है कि क्या भारतीय टीम के प्लेयर्स इस मुकाबले में पाकिस्तानी टीम के खिलाड़ियों से हाथ मिलाएंगे या नहीं। दरअसल टीम इंडिया ने ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में उनके किसी भी खिलाड़ी के साथ हैंडशेक नहीं किया था, जिसके बाद पाकिस्तान की तरफ से काफी ड्रामा भी देखने को मिला था और उन्होंने इसके लिए मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को दोषी ठहराया था। अब उनके इस ड्रामे पर टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी



रविचंद्रन अश्विन ने भी पाकिस्तानी टीम को आड़े हाथ लिया है।

रविचंद्रन अश्विन ने भारत और पाकिस्तान के बीच मैच हुई हैंडशेक कंट्रोवर्सी को लेकर अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि एंडी पाइक्रॉफ्ट ने सभी को शर्मनाक चीज देखने से बचाया। भारत ने मैच रेफरी को पहले बता दिया था कि हमारा ये फैसला है और हम इसे फॉलो करेंगे। आप किस बारे में शिकायत कर रहे हैं? आप इसलिए नहीं हारे कि हमने हाथ नहीं मिलाया, आपका ध्यान इस चीज पर होना चाहिए कि आपको भारत के खिलाफ मैच में हार का सामना क्यों करना पड़ा। अगर भारत के साथ नो हैंडशेक परेशानी था, तो UAE के खिलाफ मैच में क्या दिक्कत थी? पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के साथ हुए मैच में हैंडशेक कंट्रोवर्सी में मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को दोषी ठहराने की कोशिश की थी, जिसमें उन्हें यूएई के खिलाफमैच में रेफरी की भूमिका से हटाने का भी प्रयास पीसीबी की तरफ से किया गया था। अश्विन ने इसको लेकर भी कहा कि आप एंडी पाइक्रॉफ्ट को बलि का बकरा क्यों बना रहे हैं? उन्होंने कुछ गलत नहीं किया, वह कोई टीचर या प्रिंसिपल नहीं है, जो भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को जाकर बोलेंगे कि आपको हाथ मिलाना है या नहीं क्योंकि ये उनका काम नहीं है। इसमें मैच रेफरी की कोई भी भूमिका नहीं है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया विमेंस वनडे में 781 रन बने

### ऑस्ट्रेलिया के 412 के जवाब में इंडिया ने बनाए 369 रन

**नई दिल्ली, 21 सितंबर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शनिवार को विमेंस क्रिकेट का ऐतिहासिक वनडे मैच खेला गया। दोनों टीमों ने मिलकर मुकाबले में रिकॉर्ड 781 रन बना दिए। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी की 57 बॉल पर सेंचुरी के दम पर 412 रन बनाए। इंडिया विमेंस के खिलाफयह हाईएस्ट स्कोर रहा।

जवाब में भारत से स्मृति मंधाना ने 50 बॉल पर सेंचुरी लगाकर 20 ओवर में टीम के 200 रन पूरे करा दिए। कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने फिफ्टी लगाकर टीम को 350 के पार पहुंचाया, लेकिन टीम 369 रन



बनाकर सिमट गई। टीम ने 43 रन से मैच गंवाया, इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 3 वनडे की सीरीज 2-1 से जीत ली।

विमेंस वनडे में इससे पहले कभी एक मैच में 700 रन भी नहीं बने थे। इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका ने 2017 में मिलकर 678 रन ही बनाए थे। इंडिया विमेंस के खिलाफ पहली बार ही किसी टीम ने 400 रन बनाए। इससे पहले भी इंडिया के खिलाफहाईएस्ट स्कोर ऑस्ट्रेलिया ने ही बनाया था।

ऑस्ट्रेलिया विमेंस के खिलाफ हाईएस्ट वनडे स्कोर बना। टीम के खिलाफ इससे पहले किसी ने 300 रन भी नहीं बनाए थे। विमेंस वनडे में पहली बार ही कोई टीम 350 रन बनाने के बावजूद हारी है। बेथ मूनी प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। वहीं 300 रन बनाने के लिए मंधाना को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला।

वनडे क्रिकेट में मेंस और विमेंस दोनों वर्ग में स्मृति मंधाना ने भारत से फास्टेस्ट सेंचुरी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने मेंस टीम के विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही 2013 में 52 गेंद पर शतक लगाया था। मंधाना 125 रन बनाकर आउट हुईं। विमेंस वनडे में मंधाना ने भारत से फास्टेस्ट सेंचुरी के मामले में खुद के ही 70 बॉल पर सेंचुरी के रिकॉर्ड को सुधारा। यह विमेंस वनडे में ओवरऑल दूसरा सबसे तेज शतक रहा। ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग 45 गेंद पर सेंचुरी लगा चुकी हैं।



# अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए न्यूयॉर्क जाएंगे पीयूष गोयल

## 22 सितंबर को होंगे रवाना

**नई दिल्ली, 21 सितंबर।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 22 सितंबर को व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका के दौरे पर जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को ये जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर चर्चा को आगे बढ़ाना है। केंद्रीय मंत्री न्यूयॉर्क जाएंगे और उनके साथ मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और अन्य अधिकारी भी होंगे।

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों का एक दल 16 सितंबर, 2025 को भारत आया था। इस दौरान व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई थी और इस संबंध में प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया था। वाणिज्य मंत्रालय ने 16 सितंबर को हुई चर्चा को सकारात्मक और दूरदर्शी बताया था। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा था कि दोनों पक्षों ने आपसी लाभकारी व्यापार समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने की कोशिशों को तेज करने पर सहमति जताई है। वाणिज्य विभाग के विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने भारतीय पक्ष का नेतृत्व किया जबकि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सहायक व्यापार प्रतिनिधि (दक्षिण एवं पश्चिम एशिया) ब्रेंडन लिंच ने किया था।

बताते चलें कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर अब तक 5 दौर



की बातचीत हो चुकी है। टैरिफ से जुड़े तनाव की वजह से अगस्त के आखिरी सप्ताह में होने वाली छठे दौर की बातचीत स्थगित हो गई थी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, ''इन चर्चाओं के क्रम में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 22 सितंबर 2025 को अमेरिका का दौरा कर रहा है।''

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल जुलाई के आखिर में भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इसके साथ ही उन्होंने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत पर अलग से जुर्माना लगाने की बात कही थी। जिसके बाद, ट्रंप ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए जुर्माने के रूप में भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफलगा दिया था। भारतीय निर्यात पर अब 50 प्रतिशत टैरिफ लग रहा है।

## अमूल ने घटाई मक्खन, घी, पनीर आइसक्रीम, चॉकलेट की कीमतें

**नई दिल्ली, 21 सितंबर।** अमूल ब्रांड के तहत डेयरी प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग करने वाले गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन ने शनिवार को घी, मक्खन, आइसक्रीम, बेकरी और फ्रोजन स्नैक्स सहित 700 से ज्यादा प्रोडक्ट्स की खुदरा कीमतों में कटौती की घोषणा की है। कंपनी ने उपभोक्ताओं तक जीएसटी दरों में कटौती का लाभ पहुंचाने के लिए प्रोडेक्ट्स के दामों में कटौती करने का फैसला किया है। नई कीमतें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी। एक बयान में कहा कि 700 से ज्यादा उत्पाद पैक की प्राइस लिस्ट में संशोधन किया गया है, जिससे ग्राहकों को जीएसटी कटौती का पूरा लाभ मिलेगा। ये संशोधन 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी होगा। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन ने कहा, ये संशोधन मक्खन, घी, यूएचटी दूध, आइसक्रीम, पनीर, चॉकलेट, बेकरी रेंज, फ्रोजन डेयरी और आलू स्नैक्स, कंडेंस्ड मिल्क, पीनट स्प्रेड, माल्ट-आधारित पेय आदि उत्पाद श्रेणियों में किया गया है। मक्खन (100 ग्राम) का MRP 62 रुपये से घटाकर 58 रुपये कर दिया गया है। घी की कीमतें 40 रुपये घटकर 610 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं। अमूल प्रोसेस्ड चीज़ ब्लॉक (1 किलो) का अधिकतम खुदरा मूल्य 30 रुपये घटकर 545 रुपये प्रति किलो हो गया है। फ्रोजन पनीर (200 ग्राम) का नया अधिकतम खुदरा मूल्य 22 सितंबर से 95 रुपये होगा, जो अभी 99 रुपये है। बयान में कहा गया है, अमूल का मानना है कि कीमतों में कमी आने से अलग-अलग तरह के डेयरी उत्पादों, खासकर आइसक्रीम, पनीर और मक्खन की खपत बढ़ेगी, क्योंकि भारत में प्रति व्यक्ति खपत अभी भी बहुत कम है, जिससे विकास के बड़े अवसर पैदा होंगे। 36 लाख किसानों के स्वामित्व वाली जीसीएमएमएफ ने कहा कि कीमतों में कमी से उसके डेयरी उत्पादों की मांग बढ़ेगी।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में उद्योग में अग्रणी

**रायपुर, 21 सितंबर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अप्रैल 2025 से जून 2025 की अवधि के लिए 99.60 प्र. के दावा निपटान अनुपात की घोषणा की, जो उद्योग में उच्चतम स्तर है। उल्लेखनीय है कि बिना जांच-पड़ताल वाले मृत्यु दावे (डेथ क्लेम) के निपटान का औसत समय केवल 1.1 दिन था। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी, श्री अमीश बैंकर ने कहा, दावों के निपटान से ही स्पष्ट होता है कि कंपनी ने जो वादा किया है वह सही है या नहीं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ में, हर दावे को बेहद गंभीरता से लिया जाता है और प्रक्रिया तेज़ी से पूरी की जाती है। यह वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में उद्योग में सबसे अधिक 99.60 प्र. के दावा निपटान अनुपात से स्पष्ट होता है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में कुल 406.89 करोड़ के मृत्यु दावों का निपटान किया।

## रीफर्बिश्ड पीसी के लिए रायपुर में एसुस इंडिया का 'सिलेक्ट स्टोर' लॉन्च

**रायपुर, 21 सितंबर।** रायपुर ताइवान की मशहूर टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया ने आज रायपुर में अपना पहला 'सिलेक्ट स्टोर' लॉन्च किया, जहाँ ग्राहकों को उच्च-गुणवत्ता वाले रिफर्बिश्ड (दोबारा तैयार किए गए) पर्सनल कम्प्यूटर्स (पीसी) किफायती कीमतों पर मिलेंगे। इन कम्प्यूटर्स को कंपनी ने बारीकी से जाँचकर और पूरी तरह से दुरुस्त करके बिल्कुल नए प्रोडक्ट की तरह पेश किया है। रायपुर के लालगंगा कॉम्प्लेक्स में स्थित इस एसुस सिलेक्ट स्टोर को बिल्कुल आधुनिक अंदाज़ में तैयार किया गया है। ऐसे में, यहाँ के खुले और आरामदायक माहौल में ग्राहक सहजता से घूमकर रिफर्बिश्ड प्रोडक्ट्स देख और पसंद कर सकेंगे।

इस एसुस सिलेक्ट स्टोर में ग्राहकों के लिए कंज़्यूमर लैपटॉप्स से लेकर गेमिंग पीसी, क्रिएटर सीरीज़ लैपटॉप्स और डेस्कटॉप्स तक ढेरों विकल्प उपलब्ध हैं। इन सभी प्रोडक्ट्स को कंपनी ने बारीकी से परीक्षण, दुरुस्त और सर्टिफाई करके ऐसा बनाया है कि ये बिल्कुल नए प्रोडक्ट्स जैसे ही लगें। साथ ही, इन पर कंपनी द्वारा एक साल की वॉरंटी भी दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर अनुभव दिलाना और उन्हें रिफर्बिश्ड पीसी खरीदते समय पूरी जानकारी और भरोसा देना है।

## H-1B वीजा मुद्दे पर अमेरिकी प्रशासन और आईटी इंडस्ट्री के साथ बातचीत कर रही है मोदी सरकार

**नई दिल्ली, 21 सितंबर।** भारत सरकार H-1B मुद्दे पर आगे का रास्ता खोजने के लिए आईटी इंडस्ट्री और अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत कर रही है। सूत्रों ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐप्लिकेशन फीस में भारी-भरकम बढ़ोतरी अमेरिकी कंपनियों पर और भी ज्यादा असर डालेगी, क्योंकि ये कंपनियां हाई स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए खासतौर से इस वीजा प्रोग्राम का इस्तेमाल करती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिससे H-1B वीजा ऐप्लिकेशन की फीस सालाना 1,00,000 अमेरिकी डॉलर तक बढ़ जाएगी।

एंप्लॉयर (कंपनी) के साइज और



बाकी कॉस्ट के आधार पर H-1B वीजा फीस अभी तक लगभग 2,000 अमेरिकी डॉलर से 5,000 अमेरिकी डॉलर तक था। सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार इस पर आगे का रास्ता निकालने के लिए अमेरिकी सरकार, आईटी इंडस्ट्री और नैस्कॉम के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है। सूत्रों ने बताया कि चूंकि अमेरिकी कंपनियां इन वीजा की प्रमुख उपयोगकर्ता हैं, इसलिए वे भी इस मामले पर अमेरिकी सरकार के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही हैं।

**अमेजन के पास हैं H-1B वीजा वाले सबसे ज्यादा कर्मचारी**

USCIS वेबसाइट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 (30 जून, 2025 तक के आंकड़े) के लिए अमेजन 10,044 H-1B वीजा स्वीकृतियों के साथ लिस्ट में सबसे ऊपर है। ऐसी टॉप 10 कंपनियों की लिस्ट में टाटा ग्रुप की आईटी कंपनी टीसीएस (5,505) दूसरे स्थान पर है। उसके बाद माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प (5,189), मेटा (5,123), एप्पल (4,202), गूगल (4,181), कॉग्निजेंट (2,493), जेपी मॉर्गन चेज (2,440), वॉलमार्ट (2,390) और डेलॉयट कंसल्टिंग (2,353) का स्थान है। टॉप 20 की लिस्ट में इंफोसिस (2,004), एलटीआईमाइंडट्री (1,807), और एचसीएल अमेरिका (1,728) भी शामिल हैं।

ट्रंप प्रशासन द्वारा H-1B वीजा पर एक लाख अमेरिकी डॉलर की फीस लगाने के फैसले से अमेरिका में भारतीय आईटी और पेशेवर कर्मचारी गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं। इंफोसिस के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी मोहनदास पई ने शनिवार को कहा कि H-1B वीजा आवेदकों पर एक लाख अमेरिकी डॉलर की सालाना फीस लगाने से कंपनियों के नए आवेदन कम होंगे। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले महीनों में अमेरिका में आउटसोर्सिंग बढ़ सकती है।

## प्राइम मेंबर्स के लिए अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 22 से

**नई दिल्ली 21 सितंबर।** इस फेस्टिव सीज़न में, अमेज़ॅन प्राइम मेंबर्स के लिए अमेज़ॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान शानदार मूल्य, सुविधा और आनंद प्रदान करने के लिए कई लाभों के साथ उत?सवों को और भी मजेदार बना रहा है। 22 सितंबर से 24 घंटे पहले एक?सेस के साथ, सदस्य प्राइम फेस्टिव ऑफर्स को एक्सेस कर पाएंगे, जिसमें स्मार्टफ़ोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, उपकरणों फैशन, होम एवं किचन,ब्यूटी और अन्य श्रेणियों में मौजूदा फेस्टिव डील्स पर 10 प्र. तक की छूट शामिल है। प्राइम सुविधा और मूल्य के सर्वोत्तम मिश्रण को मनोरंजन के साथ जोड़ता है, जिससे सदस्यों को हमेशा अधिकतम लाभ मिलता है। प्राइम 10 लाख से अधिक उत्पादों पर फ्री सेम-डे डिलीवरी और 40 लाख से अधिक उत्पादों पर नेक्स्ट डे डिलीवरी के साथ डिलीवरी की गति को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। अमेज़ॅन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करने वाले प्राइम यूजर्स 3,000 के वेलकम रिवार्ड को प्राप्त कर सकते हैं और अमेज़ॅन पर खरीदारी और ट्रेवल बुकिंग पर अनलिमिटेड 5 प्र. कैशबैक पा सकते हैं। इसके अलावा, प्राइम नो-कॉस्ट ईएमआई, अर्ली डील, कैशबैक ऑफर और एनपीसीआई भारत बिलपे के माध्यम से निर्बाध सदस्यता भुगतान द्वारा बचत को सुगम बनाता है, जबकि एयरटेल, टाटा प्ले और अन्य के साथ साझेदारी एक्सेस को और भी आसान बनाती है।

# एक नजर

## रायपुर में 9 व 10 अक्टूबर को रोजगार मेला, 114 कंपनियां होंगी शामिल




**रायपुर, 21 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में बेरोजगार घूम रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राजधानी रायपुर में 10 हजार पदों पर नौकरियां दी जाएगी। रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला होगा, इसमें 114 कंपनियां शामिल होगी। यह मेला 9 और 10 अक्टूबर को होगा। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 एवं 10 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसमें पूरे प्रदेश के युवा आवेदन कर सकते हैं। इस रोजगार मेला में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी ई-रोजगार पोर्टल www.erojgar.cg.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। राज्य सरकार ने बेरोजगार युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत 9 और 10 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में एक राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में राज्य में निजी क्षेत्र में कार्यरत 114 कंपनियां शामिल होंगी, जो 8 से 10 हजार बेरोजगारों को नौकरी के अवसर प्रदान करेंगी। इस रोजगार मेले में भाग लेने के लिए इच्छुक उम्मीदवार रोजगार विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। जानकारी के अनुसार निजी नियोजकों द्वारा सेल्स एवं मार्केटिंग, मार्केटिंग डेवलपमेंट एक्जीक्यूटिव, फ्रंट ऑफिस एक्जीक्यूटिव, डाटा एंट्री ऑपरेटर, मशीन ऑपरेटर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सर्वेयर आदि पदों पर भर्ती की कार्रवाई की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय टीकरकला से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## रामकृष्ण अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत



**रायपुर, 21 सितम्बर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने अपने अस्पताल परिसर में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत की - जो देश भर में शुरू किए गए इस महत्वाकांक्षी अभियान की पुष्टि है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप, आंतरिक संकाय, परिचारकों और कर्मचारियों की उपस्थिति में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान नामक राष्ट्रव्यापी अभियान का गौरवपूर्ण उद्घाटन किया। स्वास्थ्य जागरूकता और निवारक देखभाल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से, इस पहल का उद्घाटन रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर में किया गया। अभियान के बारे में बोलते हुए, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के प्रबंध एवं चिकित्सा निदेशक डॉ. संदीप दवे ने कहा, महिलाओं का स्वास्थ्य केवल एक व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि यह परिवारों, समुदायों और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करता है। महिलाओं के लिए निवारक स्वास्थ्य सेवा और जागरूकता को प्राथमिकता देकर, हम समग्र रूप से समाज की मजबूती और कल्याण में निवेश कर रहे हैं।

## छग में उमस भरी गर्मी से बढ़ी बेचैनी कई इलाकों में बारिश की संभावना

**रायपुर, 21 सितबंर।** छत्तीसगढ़ में पिछले दो दिनों से उमस और तापमान में बढ़ोतरी ने लोगों को परेशान कर रखा है। शनिवार को जहां उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में हल्की बारिश ने राहत दी, वहीं अधिकांश हिस्सों में गर्मी का असर और उमस बनी रही। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि सोमवार को एक-दो स्थानों पर वज्रपात हो सकता है। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी और उमस का असर और ज्यादा महसूस होगा। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश का औसत तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। शुक्रवार को राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम 25.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से क्रमशः 2.4 और 1.3 डिग्री ज्यादा रहा। सुबह के समय हवा में नमी 86 प्रतिशत और शाम को 67 प्रतिशत रही, जिससे उमस की स्थिति और बढ़ गई। उत्तर अंडमान सागर और म्यांमार तट पर ऊपरी हवा का चक्रीय परिसंचरण बना हुआ है।

# नमो युवा मैराथन की थीम पर दिया नशामुक्त भारत का संदेश

## रायपुर में 5 हजार एथलिट दौड़े, विजेता घोषित लेकिन दौड़ की टाइमिंग पता नहीं

**रायपुर, 21 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सिंतबर से पूरे देश भर में भारतीय जनता पार्टी 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम चला रही है। छत्तीसगढ़ में भी भाजपा इस आयोजन को लेकर सक्रिय है। राजधानी रायपुर में रविवार (21 सितंबर) को नमो युवा मैराथन का आयोजन किया गया है।

खेल विभाग के सहयोग से नशा मुक्त भारत के थीम पर यह कार्यक्रम हुआ। 5 किलोमीटर की इस रोड रनिंग में 5000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। इसमें जीतने वाले धावक को नकद इनाम के तौर पर 25 हजार की राशि दी गई। हालांकि किस आधार पर विजेता घोषित किया गया है, इसे लेकर कन्फ्यूजन की स्थिति है, क्योंकि मौके पर खिलाड़ियों की टाइमिंग नोट करने वाला कोई कोच या स्पोर्ट मैनेजर मौके पर नहीं था।

**जीतने वाले को नकद इनाम :** इस मैराथन में चार कैटेगरी में इनाम राशि दी गई। पहले पोजीशन में आने वाले धावकों को 25 हजार, सेकेंड पोजीशन पर आने वालों को 15 हजार, थर्ड आने वालों को 10 हजार की राशि दी गई। इसके अलावा टॉप 20 में आने वाले खिलाड़ियों को सांत्वना के तौर पर दो 2 हजार दिए गए।





विनर्स की बात करें तो छत्तीसगढ़ से केवल एक ही खिलाड़ी पोडियम का हिस्सा बन सके। प्रदेश के चंद्रप्रकाश ने थर्ड पोजिशन हासिल किया। इसके अलावा अर्जुन राय फर्स्ट पोजीशन में रहे। और अक्षय कुमार सेकंड पोजीशन पर रहे। दोनों ही बाहरी राज्य के खिलाड़ी हैं। गर्ल्स की कैटेगरी में वंशिका यादव रुक्मणी पटेल और चंचल यादव क्रमश फर्स्ट सेकेंड और थर्ड पोजिशन पर रहे।

**किस आधार पर विजेता घोषित ये क्लीयर नहीं :** हालांकि यह पूरे मैराथन में क्लियर नहीं हो पाया कि विजेता किस तरह से घोषित किए गए हैं। क्योंकि जो विजेताओं की सूची है, उसमें केवल खिलाड़ियों की चेस्ट नंबर ही मेंशन है।

उनकी टाइमिंग क्या रही, और बाकी खिलाड़ियों की टाइमिंग क्या रही यह नोट करने वाला कोई कोच या स्पोर्ट मैनेजर मौके पर नहीं था। मामले में हमने संचालक तनुजा सलाम से बात करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने बात नहीं की। इस मामले पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट से गोल्ड मेडलिस्ट, एथलेटिक्स कोच सुदर्शन कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए था, कोई प्रतियोगिता नहीं थी। ऐसे में इस तरह के कार्यक्रमों में सामान्य तौर पर टाइमिंग नोट नहीं की जाती। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार राशि जरूर बांट दी जाती है। इसलिए इस कार्यक्रम में टाइमिंग नोट नहीं की गई।

वहीं कार्यक्रम की सफलता की जिम्मेदारी युवा मोर्चा ने संभाली।

### नशा मुक्त भारत की थीम पर कार्यक्रम

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल ने कहा कि यह मैराथन नशा मुक्त भारत की थीम पर रखा गया था। भाजपा सरकार ने अब 18 हजार से अधिक मामले सूखे नशे के खिलाफ दर्ज किए हैं। जबकि पिछली कांग्रेस सरकार में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ था। युवा मोर्चा के लिए जिम्मेदारी है कि वह छत्तीसगढ़ को नशा मुक्त बनाएं और हम इस ओर आगे बढ़ रहे हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे से मरीन ड्राइव से हुई। मैराथन में शामिल होने बड़ी संख्या में युवा मरीन ड्राइव में जुटे थे। जहां से 5 किलोमीटर सुभाष स्टेडियम तक दौड़ लगाई गई है। हालांकि सीएम विष्णु देव साय जोकि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने वाले थे, नहीं पहुंचे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और मंत्री खुशवंत साहेब शामिल हुए।

## शराब-कोयला घोटाला केस में एसीबी-ईओडब्ल्यू की रेड

# रायपुर में कारोबारी के ठिकानों पर दबिश अकलतरा में कोल व्यापारी के घर मारा छापा

**रायपुर, 21 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ कोयला घोटाले और शराब घोटाले मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) और आर्थिक अपराध शाखा (EOW) की कार्रवाई जारी है। रविवार को कोयला घोटाला मामले में जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा में अधिकारियों ने दबिश दी है। वहीं, शराब घोटाले मामले में ईओडब्ल्यू ने रायपुर में छापा मारा है।

जानकारी के मुताबिक, ईओडब्ल्यू की टीम रायपुर के शिव विहार कॉलोनी स्थित अवधेश यादव के घर पहुंची है। अवधेश शराब कारोबार से जुड़ा हुआ है। कारोबारी के 2 ठिकानों पर टीम पहुंची है। अफसर दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं।

जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा में ईओडब्ल्यू की 12 सदस्यीय टीम ने दबिश दी है। कोयला व्यापारी जयचंद कोसले के अंबेडकर चौक स्थित घर में रेड की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार जय चंद कोसल के पिता खनिज विभाग में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ हैं।



एसीबी-ईओडब्लयू की एक टीम जयचंद कोसले के रायपुर स्थित घर भी पहुंची है। सेजबहार स्थित अविनाश स्मार्ट सिटी के कॉलोनी में टीम ने दबिश दी है। 2 गाड़ियों में अफसर पहुंचे हैं। जयचंद कोसले पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया का करीबी बताया जा रहा है।

### 2 दिन पहले शराब घोटाला केस में रिटायर्ड आईएएस अरेस्ट

2 दिन पहले ही शराब घोटाला केस में एसीबी-ईओडब्लयू ने रिटायर्ड आईएएस निरंजन दास को गिरफ्तार किया था। पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास कांग्रेस सरकार के दौरान आबकारी आयुक्त थे। निरंजन पर सिंडिकेट ऑपरेट करने में अहम रोल निभाने का आरोप है। घोटाले से उन्हें हर महीने 50 लाख मिलते थे। शुक्रवार को निरंजन दास को रायपुर की एसीबी-ईओडब्लयू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश के अनुसार निरंजन दास 25 सितंबर तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर रहेंगे।

ईओडब्लयू की जांच में सामने आया है कि, रिटायर्ड आईएएस निरंजन दास ने पूर्व ब्यूरोक्रेट अनिल टुटेजा, तत्कालीन विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर और अन्य के साथ मिलकर शराब घोटाले का सिंडिकेट खड़ा किया था।

ईओडब्ल्यू के मुताबिक सिंडिकेट ने सरकारी शराब दुकानों में कमीशन तय करने, डिस्टलरियों से अतिरिक्त शराब बनवाने, विदेशी ब्रांड की अवैध सप्लाई कराने और डुप्लीकेट होलोग्राम के जरिए शराब बेचने जैसी गतिविधियों से राज्य सरकार को हजारों करोड़ का नुकसान पहुंचाया।

## शारदीय नवरात्रि

# बम्लेश्वरी मंदिर में भगदड़ से बचने जिगजैग की व्यवस्था

### कई माता-मंदिरों में नहीं जलेंगे घी के दीपक



**रायपुर, 21 सितम्बर।** 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। छत्तीसगढ़ के बस्तर के मां दंतेश्वरी, डोंगरगढ़ के मां बम्लेश्वरी, बिलासपुर के महामाया मंदिर, रायपुर के महामाया मंदिर समेत कई मंदिरों में तैयारियां जोरों पर हैं। डोंगरगढ़ में भीड़ के दौरान भगदड़ से बचने और चलने के लिए जिगजैग की व्यवस्था की गई है। वहीं, ज्योत जलाने विदेशी भक्तों ने भी बुकिंग की है। इसके अलावा 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को डोंगरगढ़ में स्टॉपेज दिया गया है। इस बार भी कई माता-मंदिरों में घी के दीपक नहीं जलेंगे। शक्तिपीठों और देवी मंदिरों की अपनी-अपनी मान्यताएं हैं। इन मंदिरों में लाइव दर्शन, श्रद्धालुओं के रुकने सहित अन्य इंतजाम किए गए हैं। मंदिरों में विशेष आरती के साथ मनोकामना ज्योति कलश भी जलाए जाएंगे।

### डोंगरगढ़ स्टेशन पर 9 दिन रुकेंगी 10 एक्सप्रेस ट्रेनें

इसके अलावा रेलवे ने नवरात्र पर मां बम्लेश्वरी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज दी है। 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 एक्सप्रेस ट्रेनें डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर 9 दिन 2 मिनट के लिए रुकेंगी। इसके अलावा एक स्पेशल मेमू ट्रेन भी चलाई जाएगी और 2 मेमू ट्रेनों का विस्तार किया गया है।

# कवर्धा में बिजली गिरने से नाबालिग की मौत

### 10 जिलों में आंधी का अलर्ट, रायपुर में गर्मी-उमस 4 दिन बाद होगी तेज बारिश

**रायपुर, 21 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में अगले 4 दिनों तक बादल गरजने और बिजली चमकने जैसी मानसूनी गतिविधियों के साथ हल्की बारिश जारी रहेगी। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में खास बारिश नहीं हुई है। हालांकि, गरियाबंद जिले में शनिवार को तेज आंधी-तूफान से अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

इस दौरान पुलिस जवान तेज हवाओं के बीच जान बचाकर इधर-उधर भागते नजर आए। दोपहर 2 से 4 बजे तक रुक-रुककर मूसलाधार बारिश हुई। शाम को अंधड़ ने लोगों को परेशान कर दिया।

वहीं कबीरधाम जिले के बासिनझोरी में बिजली गिरने से एक नाबालिग की मौत हो गई। घटना लोहारा थाना क्षेत्र की है। शनिवार शाम 6:30 बजे नुमेश्वर साहू (15) खेत में था। इसी दौरान ये हादसा हुआ। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

राजधानी रायपुर के इलाकों में शनिवार को मध्यम बारिश हुई है। इस बीच रविवार को



महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, सुकमा इन 10 जिलों में अंधड़, बिजली चमकने और बादल गरजने का अलर्ट जारी किया है।

### बारिश पर ब्रेक लगने से गर्मी-उमस बढ़ी

शनिवार को रायपुर में ज्यादातर समय तेज धूप के कारण गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे। आज भी तेज धूप और उमस रह सकती है। हालांकि, बीच-बीच में हल्की फुहारें या रिमझिम बारिश होती रहेगी।

## रेलवे कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अनुसार बोनस की उम्मीद, यूनियन ने उठाई मांग

**रायपुर, 21 सितबंर।** सातवें वेतनमान के लागू होने के बावजूद रेलवे कर्मचारियों को अब तक छठवें वेतनमान के आधार पर बोनस दिया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में नाराज़गी है। फ्लिहाल बोनस की राशि 17951 रुपए तय की जाती है, जो कि छठवें वेतनमान के न्यूनतम वेतन ?7000 को आधार मानकर दी जाती है। ऑल इंडिया रेलवे ट्रैकमेन यूनियन ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए प्रधानमंत्री और रेल मंत्रालय को पत्र लिखकर मांग की है कि कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अनुरूप बोनस प्रदान किया जाए। यूनियन का कहना है कि वर्तमान में न्यूनतम वेतन 18000 है, और उसी के आधार पर 78 दिन का बोनस तय किया जाए, जिससे बोनस की राशि लगभग 46176 होनी चाहिए। यूनियन सूत्रों के अनुसार, हर साल दुर्गा पूजा और दशहरे के मौके पर रेलवे कर्मचारियों को उत्पादन आधारित बोनस दिया जाता है। यह बोनस रेलवे की साल भर की माल ढुलाई और यात्री सेवाओं से हुई आय पर आधारित होता है।

## कांग्रेस में सितंबर के बाद बदले जाएंगे 12 जिलाध्यक्ष

# जहां विवाद वहां नए को मिल सकता है मौका मंडल-ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति भी जल्द

**रायपुर, 21 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में 30 सितंबर के बाद संगठन में बड़ा फेरबदल होने जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की नियुक्ति के बाद यह पहला मौका है जब संगठन में इतने व्यापक स्तर पर बदलाव किया जाएगा। पार्टी 12 जिलाध्यक्षों को बदलने की तैयारी में है। इसके साथ ही प्रदेश में मंडल और ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति भी जल्द की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, यह फेरबदल संगठन को मजबूत बनाने और नए नेतृत्व को अवसर देने के मकसद से किया जा रहा है। सूची तैयार कर हाईकमान को भेज दिया गया है। बताया जा रहा है बीते दिनों जिन जिलों में विवाद की स्थिति बनी थी वहां नए चेहरों को मौका मिल सकता है।

**हाईकमान से अनुमति के बाद आएगी सूची:** बीते दिनों कुछ जिलों में विवाद और असहमति की स्थिति बनी हुई थी, वहां संगठन ने पर्यवेक्षकों को भेजकर रिपोर्ट तैयार करवाई थी। इन रिपोर्टों के आधार पर




नए जिलाध्यक्षों की सूची बनाई गई है। बताया जा रहा है कि दिल्ली हाईकमान की अनुमति मिलने के बाद यह सूची सार्वजनिक कर दी जाएगी।

**ब्लॉक-मंडल अध्यक्ष की नियुक्तियां होगी जल्द :** प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने बताया कि संगठन विस्तार के तहत ब्लॉक अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति भी की जाएगी। इन नियुक्तियों की सूची जल्द जारी की जाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि नए ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों के चयन से पार्टी के संगठनात्मक कामकाज में तेजी आएगी और जनसंपर्क मजबूत होगा।

**नए चेहरों को मिलेगा मौका:** कांग्रेस सूत्रों के अनुसार इस बड़े फेरबदल से पार्टी को नए चेहरे और सक्रिय नेतृत्व मिलेगा, जो आगामी चुनावी तैयारियों में मददगार साबित होगा। कांग्रेस नेताओं की इस रणनीति का उद्देश्य न केवल संगठन को सुदृढ़ करना है, बल्कि पार्टी में पुराने विवादों और असहमति को समाप्त कर नए नेताओं को अवसर देना भी है।

## जीएसटी 2.0 के फायदे गिनाने प्रबुद्धजन सम्मेलन करेगी भारतीय जनता पार्टी

# विधानसभाओं में होगा सम्मेलन, सांसद-विधायकों की कमेटी करेगी मॉनिटरिंग

**रायपुर, 21 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी देशभर में जीएसटी 2.0 के फायदे गिनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित करेगी।

इस सम्मेलन के जरिए बीजेपी नेता जीएसटी 2.0 के फायदे आम जनता को बताएंगे। बीजेपी के आला नेताओं ने जिला स्तर के नेताओं को ट्रेनिंग देकर इसके लिए तैयार कर दिया है। बीजेपी ने जीएसटी 2.0 का प्रचार प्रसार करने राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय समिति का गठन भी किया है। इस समितियों में सांसद-विधायक शामिल है, जो इस पूरे कार्यक्रम की सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक मानीटरिंग करेंगे।



### कैंपेन का रोडमैप तैयार

पार्टी ने प्रदेशभर में सम्मेलन, प्रचार अभियान और सोशल मीडिया कैंपेन चलाने का रोडमैप तैयार किया है। इसके लिए प्रदेश स्तरीय कमेटी बनाई गई है, जिसमें महामंत्री यशवंत जैन को संयोजक नियुक्त किया गया है। सदस्य के तौर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, जगदलपुर महापौर संजय पांडेय और रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा शामिल हैं।

### सालाना प्रति परिवार 50 हजार की होगी बचत

भाजपा का कहना है कि 22 सितंबर से लागू होने वाले नए प्रावधानों से रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में कमी दिखनी शुरू हो जाएगी। पार्टी नेताओं का दावा है कि इससे आम परिवार को सालाना 50 हजार रुपए तक की बचत होगी। व्यापारी सम्मेलन और विधानसभा स्तर पर सभाओं के जरिए इन फायदों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। सभी शहरी निकाय पीएम मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव पारित करेंगे।

### जीएसटी दर में क्या बदलाव हुआ है?

केंद्र सरकार ने 3 सितंबर को बताया कि जीएसटी के 5%, 12%, 18% और 28% के स्लैब को घटाकर दो कर दिया है। अब सिर्फ 5% और 18% का स्लैब होगा।

इसके अलावा, तंबाकू, पान मसाला, कार्बोनेटेड ड्रिंक और लग्जरी सामान जैसे बड़ी कारें, याट और पर्सनल इस्तेमाल के लिए विमान पर 40% का स्पेशल टैक्स लगेगा।

कुछ सामान जैसे छेना, पनीर, रोटी, चपाती, पराठा पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। तंबाकू को छोड़कर नई दरें सभी सामानों पर कल 22 सितंबर से लागू होंगी।

### कारोबारी-आम आदमी दोनों को नए नियम से फायदा

बीजेपी प्रवक्ता अमित चिमनानी ने बताया, कि जीएसटी 2.0 से कारोबारी और आम आदमी दोनों को फायदा होगा। पार्टी ने सभी पार्टी नेताओं का इस विषय में प्रशिक्षण पहले ही पूरा कर लिया गया है। अब यह अभियान सीधे जनता तक जीएसटी 2.0 के फायदों को पहुंचाने के लिए प्रत्येक जिले में सम्मेलन के रूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में व्यापारियों, उद्योगपतियों और आम जनता को जीएसटी 2.0 के सरल नियम और आर्थिक लाभ समझाए जाएंगे।

### आर्थिक जागरूकता पैदा करना मकसद

बीजेपी नेताओं के अनुसार पार्टी का उद्देश्य सिर्फ कानून और नीति के फायदे बताना ही नहीं है, बल्कि जनता में आर्थिक जागरूकता पैदा करना है। सम्मेलन में प्रवक्ता और प्रशिक्षित नेता जीएसटी 2.0 के तहत मिलने वाले कर छूट, रिफंड और छोटे व्यापारियों के लिए आसान प्रक्रिया जैसी जानकारियां साझा करेंगे।

## 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ आ रहे अमित शाह, बस्तर दशहरा में शामिल होंगे

**रायपुर, 21 सितंबर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 4 अक्टूबर को राज्य के दौरे पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे और बस्तर के प्रसिद्ध दशहरा उत्सव में हिस्सा लेंगे। वे विशेष रूप से मुरिया दरबार में शिरकत करेंगे, जो इस 75 दिनों तक चलने वाले ऐतिहासिक आयोजन का केंद्रीय हिस्सा है। बस्तर दशहरा, जो जगदलपुर में आयोजित होता है, आदिवासी परंपराओं और रीति-रिवाजों से जुड़ा 600 वर्ष पुराना उत्सव है। यह नक्सलवाद से मुक्त बस्तर की शांति और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा, शाह का यह दौरा बस्तर के लिए ऐतिहासिक होगा। बस्तर अब



नक्सलवाद की गिरफ्त से मुक्त होकर शांति और खुशी से अपने त्योहार मना रहा है। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने 19 सितंबर को दिल्ली में शाह से मुलाकात कर यह निमंत्रण दिया था, जिसमें मां दंतेश्वरी की पवित्र छवि भी भेंट की गई। शाह ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि वे 75-दिवसीय मुरिया दरबार में भाग लेंगे। यह दौरा राज्य सरकार की नक्सल-मुक्ति अभियान की सफलता को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करेगा।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26